कज़नेट साहब ने कहा कि केवल जीडीपी को ही बाइबिल मान लेना, रामायण और महाभारत मान लेना सत्य नहीं है और फ्यूचर में जीडीपी का कोई बहुत ज्यादा उपयोग नहीं होगा। इससे आगे, मैं आपको बता रहा हूं कि जो अमेरिका के राष्ट्रपति थे – कैनेडी, उन्होंने 1968 में कहा। दादा, यह आपकी जानकारी के लिए है कि जीडीपी का कोई मतलब नहीं है इस दुनिया में। मैं कैनेडी का 18 मार्च, 1968 का स्टेटमेंट पढ़ रहा हूं :

> "Our Gross National Product counts air pollution and cigarette advertising, and ambulance to clear our highways of carnage. It counts special locks for our doors and jails for the people who break them. It measures neither our wit nor our courage, neither our wisdom nor our learning."

कैनेडी ने यह बात जीडीपी के बारे में कही है। … (व्यवधान) यह रॉबर्ट एफ. कैनेडी की स्पीच है। He was Presidential candidate and he was the head of GDP Committee in America. … (व्यवधान) जब वह बोलने के लिए खड़े हों तो उसका जवाब दे दें।

HON. CHAIRPERSON : Nothing will go on record except Shri Nishikant Dubey.

… (*Interruptions*)…*

DR. NISHIKANT DUBEY: Robert Kennedy is relevant because he was head of the GDP Committee formed in America in 1968. That is why I am quoting him. So, GDP measures neither our wit nor our courage. … (व्यवधान) मैं हिन्दुस्तान में ही आ रहा हूं। उसके बाद दुनिया में हुआ कि जो आज की नई थ्योरी है कि आम आदमी का सस्टेनेबल इकोनोमिक वेलफेयर हो रहा है या नहीं। जीडीपी से ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि सस्टेनेबल इकोनोमिक डेवलपमेंट हैप्पीनेस हो रहा है या नहीं। 1989 से लेकर डेली एंड गॉब इस थ्योरी को आगे

* Not recorded.

बढ़ा रहे हैं और इसके आधार पर भूटान ने हैप्पीनेस इंडेक्स बनाया है। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि यह सरकार आने के बाद सभी गांवों में सभी गरीबों के शौचालय बने या नहीं? लोगों ने एक रुपया में एक किलोग्राम चावल मिल रहा है या नहीं? वर्ष 2022 तक सभी को मकान मिलेगा या नहीं मिलेगा? जो इस सरकार का टारगेट है कि सभी घरों में वर्ष 2024 तक पीने का पानी मिलेगा या नहीं? आयुष्मान भारत में सभी गरीबों को फैमिली में पांच लाख रुपये का इंश्योरेंस कवर मिल रहा है या नहीं? सभी घरों में गैस चूल्हा पहुंचा या नहीं पहुंचा। यह एक नई थ्योरी है, जिसे सस्टेनेबल इकोनॉमिक वेलफेयर कहते हैं। इसलिए जो जीडीपी की थ्योरी है, जिसे कुज़नेट्स ने बनाया, उसे भी जीडीपी पर विश्वास नहीं था। बात यह देखने की है कि हम आम गांव, गरीब, किसान, महिला को सुविधा दे पा रहे हैं या नहीं दे पा रहे हैं। इसलिए जो भी लोग जीडीपी थ्योरी की बात करते हैं, वे गलत बात करते हैं, जीडीपी का इस देश के लिए कोई मतलब नहीं है। मतलब यह है कि हम अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहे हैं या नहीं पहुंच रहे हैं। सवाल यह है कि 'सबका साथ, सबका विकास' में मोदी जी जा रहे हैं या नहीं, इसके लिए मैं कहता हूं कि हम जा रहे हैं और यही सत्य है।

HON. CHAIRPERSON: Nishikant Ji, now, come to the Bill.

डॉ. निशिकांत दुबे: मैं टैक्स रेट, इकोनॉमिक डेवलपमेंट के बारे में बताना चाहता हूं। मैं आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक पर भी बात करूंगा। ब्रेटन वुड्ज़ कांफ्रेंस 1944 में हुई और इसके आधार पर 44 कंट्रीज ने, क्योंकि वर्ल्ड वॉर फर्स्ट के बाद बहुत ज्यादा रिसेशन आ गया था और वर्ल्ड वार-2 आते-आते कई देशों को लगा कि हम खाना खा पाएंगे या नहीं, डेवलपमेंट हो पाएगा या नहीं। 44 देशों ने ब्रेटन वूड्ज़ कांफ्रेस 1944 में की। उसी के आधार पर दुनिया में दो संस्थाएं आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक बने। आईएमएफ उन देशों के लिए था जिन्हें पैसे की आवश्यकता है। वर्ष 1971 में ऐसी स्थिति आई कि भारत को एक निर्णय लेना था। उस वक्त की तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा जी थीं। अभी चर्चा

करते समय कई लोग कहेंगे कि डॉलर का रेट बढ़ रहा है, इनफ्लेशन बढ़ रहा है। वर्ष 1947 में एक डॉलर और एक रुपये की कीमत बराबर थी। उस वक्त तक आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक एग्जिस्टेंस में नहीं आया था। ब्रेटन वुड्ज़ कांफ्रेंस के बाद भी 1958 में ये संस्थाएं एग्जिस्टेंस में आईं। उसमें सबसे महत्वपूर्ण बात थी कि कोई भी करेंसी की कनवर्टिबिलिटी डालर में होगी, लेकिन जो कंट्रीज अपनी करेंसी को कंवर्ट कराना चाहती हैं, उसके लिए गोल्ड एक विषय होगा और गोल्ड के आधार पर ही हम किसी कंट्री को लोन देंगे। वर्ष 1971 में अमरीका के राष्ट्रपति निक्सन थे।...(व्यवधान) आप मेरी बात सुनिए । "I have directed Secretary Connolly to suspend temporarily the convertibility of the dollar into gold or other reserve assets, except in amounts and conditions determined to be in the interest of monetary stability and in the best interests of the United States."

HON. CHAIRPERSON: Now, you please come to the Bill.

... (*Interruptions*)

डॉ. निशिकांत दुबे: महोदय, वर्ष 1971 में जब यह फैसला हुआ, उस समय एल.के. झा साहब थे। मैं एल.के. झा साहब को इसलिए जानता हूं क्योंकि वे और मैं एक ही जिले को बिलाँग करते हैं। उन्होंने एक बहुत अच्छी किताब लिखी। इसके बाद हमने कहा कि आईएमएफ या वर्ल्ड बैंक से अपने को बाहर निकालने के लिए या इस कनवर्टिबिलिटी के बारे में भारत को इनीशिएटिव लेना चाहिए। उस समय की प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा जी ने किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया और आज स्थिति यह है कि हम आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक के इशारे पर कैसे काम करेंगे, यह आपकी देन है, आपकी दिशा है।

महोदय, दो और थ्योरी हैं। एक बासिल की थ्योरी है। माननीय महताब जी सदन में बैठे हैं और यह मेरा बड़ा पैट प्रोजेक्ट है। दो एग्रीमेंट इस सरकार ने और साइन किए। इस सरकार ने और दो एग्रीमेंट साइन किए। एक बासिल, जिसे वर्ष 1988 में माननीय श्री राजीव गांधी जी ने साइन किया। बासिल की पूरी थ्योरी कैपिटल एडुकेसी है, क्योंकि जब आप लोग चर्चा करेंगे, तो बैंकिंग सिस्टम पर भी जाएंगे कि बैंकिंग में एनपीए हो गया। वर्ष 2004 से लेकर वर्ष 2014 तक यह यूपीए सरकार की देन है। आप उसके ऊपर चर्चा करने की कोशिश करेंगे। लेकिन आपने बैंक का हाथ कैसे बंद कर दिया, कैपिटल एडुकेसी कैसे बंद कर दी, आप यह समझें कि बासिल वर्ष 1988 में शामिल हुआ, बिना किसी सोच के हम सिग्नेटरी हो गए। एक प्राइवेट बॉडी में जी-7 ने कोई फैसला कर लिया, हमने बासिल थ्योरी साइन कर ली। बासिल-1, बासिल-2, बासिल-3 और अब बासिल प्लस-प्लस आदि पर चल रहे हैं। कैपिटल एडुकेसी के लिए यदि आज डिसइनवेस्टमेंट हो रहा है, तो आप बीपीसीएल, एयर इंडिया को बेच रहे हैं, इसको बेच रहे हैं, उसको बेच रहे हैं। आखिर इंटरनैशनल थ्योरी में हम क्या करेंगे, यह आपका साइन किया हुआ है।

यहाँ माननीय वित्त मंत्री जी बैठी हैं। बासिल से भी खतरनाक एग्रीमेंट जो साइन किया गया है, मुझे लगता है कि उससे अपने को कैसे बाहर करना चाहिए, आरबीआई बार-बार कह रहा है, मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी को यह सुझाव भी देना चाहता हूँ कि इंटरनैशनल फाइनेंसिंग रिपोर्टिंग सिस्टम की बात मैं इसलिए कह रहा हूँ, क्योंकि बजट में हमने जो टैक्सेशन कम किया है, इसका मेन टारगेट लोगों को रोजगार देना है। मेन टारगेट यह है कि भारतीय कम्पनियों को आगे ले जाना है, मेन टारगेट यह है कि एमएसएमई सेक्टर्स को आगे बढ़ाना है। लेकिन यह इंटरनेशनल फाइनेंसिंग रिपोर्टिंग सिस्टम जिस दिन लागू हो जाएगा तो बिना किसी जिरह के, क्योंकि आरबीआई इसके लिए बार-बार कह रहा है, पूरा बैंकिंग सिस्टम इसके लिए बार-बार कह रहा है और फाइनेंस

कमेटी के सामने जब भी बैंकों के प्रतिनिधि आए, तो उन्होंने कहा कि जिस दिन यह साइन हो गया, तो आप यह समझें कि आप अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार लेंगे और ये सब कांग्रेस के कारण होगा।

मैंने आपको बताया कि कांग्रेस ने ये सारे एग्रीमेंट्स साइन करके भारत को इस तरह से एक बनाना रिपब्लिक बना दिया है, जिसमें भारत के पास दूसरा ऑप्शन नहीं है।

अब आप समझें कि इस बिल का ऑब्जेक्ट और रीजन क्या है? इस बिल का ऑब्जेक्ट यह है, It was also noticed that many countries world over had reduced corporate income tax to attract investment and create employment opportunities, thus necessitating the need of similar measures in the form of reduction of corporate income tax.

यदि आप पूरी दुनिया को देखेंगे, मैं 202 कंट्रीज का डाटा लेकर आया हूँ। एशिया में, जिसके बारे में अभी माननीय वित्त मंत्री जी ने अपनी बातें स्पष्टता से कहीं । चाहे सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया, दुबई, बंग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, जापान, चीन हो, इन सभी के साथ भारत का मुकाबला है। एवरेज कॉरपोरेट टैक्स इन एशिया, जिसमें 45 कंट्रीज हैं, इनमें 20.05 है। एशिया में 20 परसेंट टैक्स है । यहाँ मैन्यूफैक्चरर्स क्यों मैन्यूफैक्चरिंग करेंगे? वे दुबई, बंग्लादेश क्यों नहीं चले जाएंगे? आप यह समझें कि एक छोटा-सा शर्ट भी बनता है, तो मेड इन बंगलादेश, मेड इन ताईवान रहता है। यह किसकी देन है?

यूरोप बहुत विकसित है। हम हमेशा यह बात कहते हैं कि यूरोप में बहुत विकास हुआ है, रोड बहुत अच्छे हैं, रोजगार बहुत अच्छे हैं। यूरोप में 49 देश हैं। उनका एवरेज कॉरपोरेट टैक्स रेट 18.35 परसेंट है। …(व्यवधान) मैं एवरेज की बात कह रहा हूँ। मैं किसी एक कंट्री की बात नहीं कह रहा हूँ। अमेरिका में 45 परसेंट, 50 परसेंट होगा, हम उसकी थोड़े ही बात कर रहे हैं? अमेरिका में तो 1913 तक टैक्स ही नहीं था। वर्ष 1945 तक वहाँ टैक्स 16-17 परसेंट था। वह तो डेवलप हो गया। आप

जर्मनी, फ्रांस, रूस, अमेरिका की बात करेंगे। आप उस देश की बात कीजिए, जहाँ आज भी गरीबी रेखा के नीचे 10 करोड़ परिवार रहते हैं। यदि मनरेगा जैसी योजना नहीं हो, यदि फूड सिक्योरिटी योजना में मोदी जी की सरकार एक रुपये चावल और गेहूँ न दे, तो लोगों के पास भूखे रहने के अलावा और कोई उपाय नहीं है। आप उसकी तुलना अमेरिका जैसे देशों के साथ करते हैं।

श्री अधीर रंजन चौधरी: आप बताएं क्या फूड सिक्योरिटी स्कीम मोदी जी की लाई हुई है? …(व्यवधान)

डॉ. निशिकांत दुबे : नॉथ अमेरिका में 30 देश हैं, जिनका एवरेज कॉरपोरेट टैक्स 23.08 है। साउथ अमेरिका, 28.73, ब्रिक्स कन्ट्री, जिसमें चाइना, ब्राजील, रूस आदि हैं, उसमें 28.32 है। यूरोपियन यूनियन, जिसमें 28 देश हैं, उसका 21.82 है। जी-20, क्योंकि आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक के डाउन होने के बाद एक नया खेल जो डेवलप्ड कंट्रीज ने स्टार्ट किया है, वह सी-20 से अब जी-20 हो गया है। जी-20 के आधार पर सारी कंट्रीज को चेंज करने की बात करता है, लेकिन जी-20 में वह 28.04 परसेंट है। जी-7 में 29.57 परसेंट है। ओईसीडी कंट्री में 24 परसेंट है। पूरी दुनिया की 202 कंट्रीज का यदि एवरेज लेंगे तो वह केवल 22.96 परसेंट है। जब पूरी दुनिया में कॉरपोरेट टैक्स 22.96 के एवरेज से है, तो क्या आपको लगता है कि भारत में विकास हो सकता है? भारत में इस तरह की चीजें आगे बढ़ सकती हैं? यदि आप इस तरह के चीजें नहीं करते हैं, तो क्या होता है?

सर, कांग्रेस ने कई कमेटीज बनाईं। उनमें से एक कमेटी थी Measures to Tackle Black Money in India 2012. 2012 में कांग्रेस ने ही कमेटी बनाई। हमारे मोदी जी पर कहते हैं कि इकोनॉमी डाउन जा रही है, डिमोनिटाइजेशन हो गया, जीएसटी हो गया। उस कमेटी ने 3-4 चीजें कहीं, जिनको कांग्रेसी भूल गए हैं। मैं उस कमेटी की रिपोर्ट को क्वोट करना चाहता हूं। पहले श्री प्रणव मुखर्जी साहब को कमेटी की रिपोर्ट दी गई, बाद में श्री पी.चिदम्बरम साहब, जो उस समय वित्त मंत्री

थे। वह यह है कि Report of the Committee on Measures to Tackle Black Money in India and Abroad, 2012, headed by Shri Laxman Das, CBDT Chairman. यह वर्ष 2012 की कमेटी की रिपोर्ट है।

SHRI DAYANIDHI MARAN (CHNNAI CENTRAL) : Did they recommend demonetisation?

DR. NISHIKANT DUBEY: Yes. It is their recommendation.…(*Interruptions*)

And it says that demonetisation of high denomination currency notes is believed to be one of the methods to kill the extant black money economy and to curb the generation of black money in India, demonetisation was implemented in 1946 and 1978. Experts have criticised that demonetisation did not achieve the objective. It was aimed at further inflation over the years, but demonetisation is the only way.

सर, उन्होंने कहा यह जो कॉरपोरेट टैक्स, पर्सनल इनकम बढ़ाई जा रही है, तो ब्लैक मनी जेनरेशन के लिए उन्होंने कहा कि कंपनियां किस तरह से इंपोर्ट के नाम पर, एक्सपोर्ट के नाम पर, जो ब्लैक मनी जेनेरेट कर रही हैं, क्योंकि पूरी दुनिया में उसका मुकाबला जिन कंट्रियों के साथ है, उन कंट्रियों में टैक्स कम है और हमारे यहां टैक्स ज्यादा है। इसके लिए समय-समय पर कमेटी बनी। मैं आपको बताऊं कि 1971 में कालडोर कमेटी बनी और उसने कहा कि जो टैक्स रेट है, वह ब्लैक मनी जेनरेशन का एक बड़ा विषय है। उसी तरह से उन्होंने वांग चू कमेटी बनाई। सारी कमेटीज कांग्रेस ने बनाईं। हमने नहीं बनाईं। अभी भी तीन कमेटियों की रिपोर्ट्स आई हैं। सौगत राय साहब, आप उस

कमेटी में हैं। वांग चू कमेटी ने यह कहा कि यह जो टैक्स रेट है, इसे घटाएं। ब्लैक मनी जेनरेशन का यह बड़ा कारण है।

सर, संयोग से यहां श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी बैठे हुए हैं। मैं और श्री अनुराग सिंह ठाकुर पिछले 10 सालों से ब्लैक मनी के लिए पूरी लड़ाई लड़ते रहे। मैंने कहा था कि कांग्रेस के तीन एमपी हैं, जिनका स्विस बैंक में और लिचटेंस्टाइन में खाता है। उस समय के तत्कालीन वित्त मंत्री ने यहां से कोई जवाब नहीं दिया और मेरे ही भाषण पर सुप्रीम कोर्ट में एक पीआईएल हुआ। हर्ष रघुवंशी ने पीआईएल किया, जिसको राम जेठमलानी और शांतिभूषण ने लड़ा और उसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट की एसआईटी बनी और मेरी बात सही हुई कि कांग्रेस के उस वक्त के तीन मेंबर्स ऑफ पार्लियामेंट का स्विस बैंक में और लिचटेंस्टाइन में अकाउंट था। उसने यह कहा कि वांग चू कमेटी की रिपोर्ट में यह बात कही गई। उसी तरह से रांगेकर कमेटी, चोपड़ा कमेटी बनीं और कमेटी दर कमेटी इस तरह की बातें कहती रहीं कि कॉरपोरेट टैक्स और इनकम टैक्स यदि कम नहीं होगा तो इस देश में ब्लैक मनी जेनरेट होता रहेगा। यही कारण है कि ब्लैक मनी जनरेट होता रहा। इसीलिए मैं इस सरकार को, इस देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को, इस देश की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और अनुराग सिंह ठाकुर जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि इतना बड़ा डिसीजन लेकर आए हैं। हमारे पुराणों में कहा गया है-

"ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्वि नावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।
ॐ शांति: शांति: शांति: ।"

अंतिम आदमी तक, गरीब आदमी तक पहुंचाने के लिए सरकार यह टैक्स का रिबेट लेकर आई है, मेन्युफेक्चरिंग सेक्टर को बढ़ाने के लिए लाई है, रोजगार को बढ़ाने के लिए लाई है, हम इसका समर्थन करते हैं। इन्हीं शब्दों के साथ जय हिंद, जय भारत।

SHRI A. RAJA (NILGIRIS): Hon. Chairperson, Sir, thank you very much for giving me this opportunity to comment upon the Bill.

As Shri Adhir Ranjan Chowdhury has put it, the Indian economy is passing through a turbulent phase, with the GDP growth dropping down to 4.5 per cent in the quarter ending September, 2019, lowest ever since March, 2013.

I have carefully heard the speech delivered by my good friend, Shri Nishikant Choubey …(*Interruptions*) sorry, Shri Nishikant Dubey. Out of his outburst argument, I am not able to spell his name properly.

Sir, this economic slowdown was not at all accepted by the Ruling Party. It is evident from the speech delivered by the learned Member. He is getting support from Nixon, Kennedy and so many stalwarts in the global arena. I would like to ask him a specific question. Who were your own earlier associates? Did Dr. Raghuram Rajan support you in terms of GDP? I would like to know whether Shri Urjit Patel, former RBI Governor; Shri Arvind Panagariya, former Vice-Chairperson of NITI Aayog; Shri Viral Acharya, former Deputy Governor of RBI; and Shri Surjit Bhalla, Economic Advisor in the PM's Economic Advisory Council, are supporting you or not. See, our own Economists, including the former Prime Minister, Dr. Manmohan Singh -- you cannot give any political colour to him, he is a known Economist -- did not support your approach. So, all the people in India -- those who are having national patriotism towards this country and towards this

Parliament -- did not accept your point on slow down. Still you want to say that the calculation is wrong.

When the hon. Finance Minister presented the Budget, she mentioned the piece of legislation in other way. The companies having a turnover of Rs. 400 crore, will be taxed Rs. 25 crore with the reduction of 5 per cent from 30 per cent. She was very categorical that the left out is only 0.7 per cent. Almost 99.3 per cent has already been covered under this taxation. Now, by giving another deduction of 22 per cent, I think that 100 per cent has been covered by the Act. In that sense, it has to be welcomed.

Keeping the low tax on corporates, you want to reduce the fiscal deficit. I appreciate the measures being taken. But it is not a holistic approach. Everybody accepted that our economy was badly affected after demonetisation and due to the wrong implementation of GST. The hon. Prime Minister had asked on the floor as well as outside to give him only 50 days' time to recover the situation on track, which was heavily assailed by the former Prime Minister, Dr. Manmohan Singh. I may be permitted to quote what he said in the other House.

HON. CHAIRPERSON: No, you cannot quote it. Do not quote the proceedings of the other House. But you can very well state his observations.

SHRI A. RAJA : Okay, I will not quote it. I understand. He said that even by giving many 50 days, the promise which was given by the hon. Prime Minister will not

work out. It is a daylight loot. So many 50 days have gone. Still people want to substantiate their claim that demonetisation is a correct measure. Secondly, as regards GST, they were very categorical and adamant that what they have put before the Parliament is correct. Thereafter, they brought so many amendments which impliedly admitted that GST was wrong. Still it has not come to the track. So, with all these things, the Indian economy is very badly affected and it has to be admitted. Your endeavours may be good. Notwithstanding the political enmity, any Government can take any step but when it is implementing that step, the ultimate result is failure or positive or negative. When it is a failure, you must have courage to admit that there is a failure and therefore, we want to change the law. What is democracy? Democracy is not merely running a Government. It is essentially a reference to the other aspects and ideas. But when you are not at all hearing the other ideas, there will be no democracy at all. With this small introduction, I may be permitted to say a few words on the Bill.

Out of a total of seven crore taxpayers, only 11.86 lakh, *i.e.*, 3-4 per cent are corporate taxpayers. Out of the total companies incorporated in India, 99.3 per cent companies have a total turnover of less than Rs.400 crore. Presently, they are paying tax at the rate of 25 per cent. So, there are just 50,000 to 80,000 domestic companies which are going to pay tax at the rate of 30 per cent and are the most benefited by this amendment. They are only one per cent. That should be kept in mind.

The Bill mainly has two provisions, *i.e*., tax on income of certain domestic companies and tax on income on some manufacturing domestic companies vide the provisions 115B (aa) and 115B (ab). The Bill seeks to amend certain provisions of Income Tax Act and Finance Act, 2019. This is to replace the Ordinance promulgated in September as Parliament was not in Session. The domestic companies including domestic manufacturing companies with an annual turnover up to Rs.400 crore pay income tax at the rate of 25 per cent subject to surcharge and cess. For other companies which are having turnover of more than Rs.400 crore, the tax rate is 30 per cent apart from surcharge and cess. By this amendment, an existing domestic company has been provided an option to pay tax at the concessional rate of 22 per cent apart from cess and surcharge. The effective tax rate of these companies comes to 25.17 per cent. Another provision has been inserted through this amendment that the new domestic manufacturing company which was set up and registered on or after October, 2019 and commencing manufacturing before 31st March, 2020 would have option to pay at 15 per cent plus surcharge and cess, whereas no Minimum Alternate Tax would be applicable in either of the options. Earlier both the slabs were available. A person can go for the income tax and the MAT. Now MAT has been completly ousted. I do not know what will be the negative impact if the earlier system also prevailed with the existing reduced rate.

Coming to deduction, the reduced tax rates come out with consequential surrender of specified deductions and incentives. The companies which do not opt for the concessional tax rates will continue to enjoy the benefit of specified deductions/incentives wherever applicable. Further, in order to provide relief to companies which continue to avail exemptions/incentives in the old regime, the rate of MAT has been reduced from existing 18.5 per cent to 15 per cent if they did not opt for the new regime. It is a welcome measure. There is no doubt about it. But by this amendment, all domestic companies, whether they opt for concessional rate of tax or not, will get some relief. The object of the Bill is to provide a sort of fiscal stimulus to the companies by reducing tax rate. I admit that. It is a welcome measure. I have no hesitation in showering encomiums on the Finance Minister. The domestic companies can opt for the new tax rates in the financial year 2019-20, *i.e.*, assessment year 2020-21 or in any other financial year.

HON. CHAIRPERSON : Please conclude. This is unfortunate that the time allotted is only two hours.

SHRI A. RAJA : Sir, there is no timeline for domestic companies to choose a lower tax rate under Section 115(b) (aa). But once a company exercises, this is very important, this option, the chosen provision will apply for all subsequent years and such option cannot be withdrawn for some or subsequent years. There

is an anomaly in this. I would suggest that the option be open. Why should the Government be so stringent that once the option is closed, one cannot revert again? This aspect needs to be reconsidered.

Since there is constraint of time, I will finish within a couple of minutes. Section 15 (b) (ab) is available to only new companies which have been set up or registered on and after October 01, 2019. If the Government brings in this provision, then the benefit is not available to the existing companies even if they set up a new unit for manufacture or production. So, the Government may reconsider this provision of putting a time bar. The time bar should be removed because the existing companies must also have the option and permission to avail of this facility because it is believed that the Government will come out with a separate incentive programme to keep the above-mentioned projects going with complete enthusiasm. The measure taken by the Government is good. Even while speaking on the Budget I clearly mentioned that the other option should be very carefully considered because when the Government proposes to give such a very big thrust on the corporate tax, what about the other areas – the promise of returning of the black money has not been kept; the promise of 100 crore job has not been fulfilled; GDP rate going down. So, the Government should not be under an impression that the real creator of wealth is the corporates alone. Therefore, concessions must flow to other areas also. The real creator of wealth in our

country is our farmers, labourers and the working class. I would request the Government to please turn their eyes to these sectors as well.

Thank you.

SUSHRI MAHUA MOITRA (KRISHNANAGAR): Respected Chairperson Sir, I stand here opposing the Taxation Laws (Amendment) Bill, 2019. I stand here opposing this Bill because once again there seems to be a very haphazard approach towards a better economy.

Sir, I would begin by quoting Christopher Hitchens “that which can be asserted without evidence can be dismissed without evidence”. This Government is insisting that there is nothing wrong with the economy. While on the other hand they are telling us that whatever is not right can be fixed by tweaking the corporate tax rate. I do not object to the reasoning which is in this Bill that corporate taxes in India should be at par with their Asian counterparts. We broadly agree with this. Yes, they should be. We, however, disagree with the reasoning that the reduction in GDP growth can be fixed by tweaking the corporate tax rate. The reason that large and small corporates in this country today are facing the death knell is because of two reasons that this Government has taken.

The first decision was the demonetisation. This was a crippling blow to the economy. Small and medium enterprises have still not recovered. There is no running away from this. The second is the multi rate which is extremely complicated and coupled with it is the onerous implementation of the Goods and Services Tax. We were all part of the GST Committee. There is nothing wrong

with the GST. It is the implementation of the GST that has proven to be a huge problem for this country. Now, this particular tax cut that has been proposed by the hon. Finance Minister will only help the profitable to become more profitable. It does not do anything to revive a very large part of this economy which is struggling. Why is it struggling? It is over-burdened by the tax administration, by the Company Law administration and there is a general harassment by the machinery of the Central Government on individuals and small companies. If the provisions of this Bill were really to help everybody, especially our SME sector, then the tax rate should have applied to all entities. It should not have applied to companies. It should then apply to LLPs, partnership firms and other non-corporate entities also. That would be a holistic approach.

Sir, what is further disheartening is that this Government has chosen to withhold the Direct Tax Code Report from this august House. The Government should take advantage of the breadth of the experience that Parliamentarians have. I am quite sure that given the past track record that this Government has we are going to see it being shown up secretly in the Budget again as a Bill which has not been thought through. We are very sure that this is going to happen. A reduction in corporate taxes only helps those making profits. Most of our businesses are struggling because of insane compliance and harassment which is being created by this burden with a sudden shock and awe implementation of laws.

There are three reasons why they are suffering. They are suffering because the Government refuses to come out with clear and frequent guidelines. The Government wants to keep grey areas which officials can misuse. Secondly, the companies are suffering because today, the biggest outstanding dues in this Government are from the Central Government to the States and from the Central Government to its vendors.

The third reason is this. They are not suffering because of the tax rate. They are suffering because of these reasons. So, tweaking the tax rate is not going to fix the fundamental problem. Let us now go to the specific causes in the Bill. Mr. Raja touched on them. Let us go to the new Section 115BAB which states:

> "15 per cent new manufacturing incentives shall apply only to new companies created after October, 2019 and provided they commission their new unit by March 2023."

So, existing companies, existing proposals, existing projects cannot utilize this Scheme. Those companies which have undertaken long feasibility studies have got approvals as part of a very long drawn process. For projects that might be just on the cusp of financing, today, they cannot take the final investment decision. It does not apply to them. So, what has the company got to do? They have got to either dividend the money by paying tax and create a new company or they shall have to create a subsidiary and increase the compliance burden. So,

you have got to create a new subsidiary to take advantage of this incentive. Any existing company cannot just set up a new manufacturing unit.

This defies common sense. So, they are going to have to spend their time transferring approvals. Banks will have to now fund a new company or a new subsidiary. This may take more time. So, projects which will finally make it online are probably going to be 5 per cent. Then, have you included everybody else in your ambit? Are you interested in the illusion of a sop or are you interested in really giving a sop? Let us be clear about that. If you are interested in really making this work, then this should be applicable to all new manufacturing units irrespective of ownership. Let them give it to partnerships, proprietorships, LLPs, and all of them. So, if the hon. Finance Minister wants to implement a very focused investment linked incentive structure, she should create a structure which small companies, big companies or anyone who does a new capital investment, big or small, would face an environment of compliance certainty. That is what gives people the security to go out and make investments. An atmosphere of compliance uncertainty, of not knowing where I will be caught out and in which loophole, is what is killing investment today. That is the most important thing.

The other thing in the Bill, which is in the amendment is this. It is very sad to note that we want to treat foreigners better than our own citizens. So, we have chosen to charge and enhance surcharge to our citizens. But rich Foreign

Institutional Investors get special treatment. They do not have to pay this. So, charge everybody or charge nobody. Do not give preferential treatment to foreigners which you are denying to rich Indians. If you want to tax the rich, then tax the rich everywhere. Do not tax the rich Indians and Indian companies while giving benefit to FIIs. That is not fair.

So, to reiterate, there are three main issues with this Amendment Bill. One, if it is to help all, especially small and medium enterprises, then the corporate tax reduction from 30 per cent to 22 per cent should apply to all entities.

Second, the 15 per cent tax rate for new manufacturing companies incorporated after October 2019 makes little or no economic sense. Make this applicable to existing manufacturing units and existing proposals as well.

Third, waiving the surcharge for FIIs, while keeping it for Indians, to me, seems extremely unfair. So, these are the three things.

Madam Minister, please reconsider these aspects of the Bill and focus on a more holistic fixing of the system. We seem to be clutching at straws. You brought the Budget in March. This august House stamped the Budget. This was your Government. You were not Finance Minister but it was the Government that brought this budget. We fixed it. What happens between March and September that we need an ordinance? You knew that the Session was coming in. That means you are facing a sense of urgency. You are facing a sense of urgency that

you need to clutch at straws to do something to at least give the illusion that you are taking action.

If that is indeed the case, take real action that is going to really fix the problem. This sort of clutching at straws in an environment today when we are coming out with the worst numbers, be it on employment, be it on investment, be it on anything, this is the worst that this country has seen, and that your Government has also seen. If this fire comes into the house, all of us are going to be singed. We all care about the economy. So, again we tell you that entities like Bharat Petroleum Corporation Limited are the family's silver. If you are going to disinvest profitable PSUs as well, where does this come out? So again, I am trying to use this taxation Amendment Bill to bring forward the issues that are with the economy and to request that when you are putting this ordinance, take into consideration what we have done, and fix the problem holistically. Let us not clutch at straws. Let us not put band aid where we actually need to have major surgery. That is all I wanted to say. Thank you very much.

SHRI MAGUNTA SREENIVASULU REDDY (ONGOLE): On behalf of YSR Congress Party, I rise to support this Bill. Moreover, our hon. Chief Minister, Mr. Y.S. Jaganmohan Reddy has welcomed this new 115BAA Section for the new companies i.e., 15 per cent of the rate of income tax. Andhra Pradesh being a new-born State, a lot of companies are going to come there. At least this benefit will give a lot of boost to the Andhra Pradesh economy.

As hon. Finance Minister has already mentioned compared to other countries, the rate of income tax is low. In India, if it is higher, multinationals cannot come and make the investment in our country. This move to reduce corporate tax in our country is a good move. However, I would like to make some suggestions to the hon. Finance Minister. Unfortunately, this has been kept for companies with more than Rs. 400 crore turnover. As our colleagues have already mentioned, only a few such companies are there in our country. If it is allowed for companies with less than Rs.400 crore turnover, almost 99 per cent of the companies will be covered by this. Companies with turnover of less than Rs.400 crore are all paying high tax now. Comparatively, if you see the companies with turnover of Rs.400 crore and above, if you declare taxable income, 9.77 per cent is the rebate that they are getting. However, in companies with less than Rs.400 crore turnover, 3.95 per cent is the lowest one. As my colleagues have already mentioned, all the partnership firms, LLP companies or MSME come in this. As you know, medium and small scale entrepreneurs are

facing a lot of problems with the slowdown of economy. I would request, through you, the hon. Finance Minister that these aspects be taken into consideration, these partnership firms, LLP firms and MSMEs, so that companies with a turnover of less than Rs. 400 crore turnover can be covered also. …(*Interruptions*).

I will not take much of your time. As the hon. Finance Minister has already mentioned it, by bringing in this Ordinance, the Government of India is losing Rs. 1,45,000 crore. This loss is there. My request is that there are two kinds of wealth management in this world itself. One is, hoarding of wealth and second is distribution of wealth. So, the hoarding of wealth means if we give rebate to companies with more than Rs. 400 crore turnover, they will be rated in Forbes 500 or world's No. 10 or 15 ratings and Fortune 100. But it will not percolate to the bottom because our population comprises of below poverty line, poverty line, middle class, upper middle class, rich and super-rich class. More than 75 per cent of the population in this sector belongs to middle class. The volumes are required, but the purchasing capacity has to go up also. In this context, this hoarding of wealth will remain with only a few people, but it will not percolate. With these kind of concessions, it will be used only for clearing their inventories and not for percolating and expansion in their trade itself. The distribution of wealth means retail trade has also to be broad based and when the retail trade is there, the purchasing capacity will go up. So, my request to our hon. Finance Minister is that she should give concessions to all companies whose annual

turnover is up to Rs. 400 crore. This way, more and more jobs would also be created. The employment potential would be there. Especially, the State like Andhra Pradesh, which is a newly born State, requires these kinds of concessions.

Sir, every time, we are also asking for a Special Category Status for Andhra Pradesh, which is getting delayed. So, if we have these kinds of concessions for the companies, whose turnover is up to Rs. 400 crore, at least, our State would also grow in that form.

Sir, I have another request to make to the hon. Finance Minister. It in regard to individual income tax. There is an exemption up to Rs. 3 lakh. If she exempts up to Rs. 20 lakh, about Rs.2 lakh crore tax will be reduced. But it will be reduced with the reduction of returns also. Here, about 5,50,00,000 assessees will be reduced. Here, the cost of collection would also get reduced. So, I would request our hon. Finance Minister that in the forthcoming Budget, she can think of it. The percolation would come. So, Sir, if there is no income tax up to individual income of Rs. 20 lakh, their purchasing capacity of those persons would also go up.

Now, our hon. Finance Minister has already instructed the banks to give loans for the new purchasers. But it is a loan. Nobody is taking this loan. It is like getting stranded.

I would not take much of time of the House. Finally, I would request our hon. Finance to send somebody to inspect to know the ground reality. In Chennai, T. Nagar, Ranganathan Street is there, which is the oldest and biggest retail bazar. If she sends somebody to that bazar, he would know whether the economy is slowing down or booming up. He would know what is the state of the economy. I am saying so because all common people go to that market.

So, I would request our hon. Finance Minister to keep in mind all these things because we have to look at Below Poverty Line people, and middle class people also.

So, with these few words, I conclude my speech. Thank you.

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, no other Bill is being taken up today, and the reply on this Bill is at 5 o' clock. So, let the Member speak, without pressing the bell.

HON. CHAIRPERSON: I am not curtailing the time of the Members. As per the schedule and the list, which is placed before me, the time allotted is only two hours. The BAC has to take care of the situation.

PROF. SOUGATA RAY : The House started in the afternoon at 1415 hours. So, the time available is 3 hours and 45 minutes till 6 o'clock. So, let the Members speak for longer time.

HON. CHAIRPERSON: It is up to the hon. Speaker to decide. Right now, we have 15 more Members to speak. Definitely, it would go up to 6 o' clock.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Ten speakers are from the Ruling party.

HON. CHAIRPERSON: So, let us continue. Next, Shri Arvind Sawantji

… (*Interruptions*)

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण): माननीय सभापति महोदय, टैक्सेशन लॉज़ (अमेंडमेंट) बिल, 2019 के ऊपर मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैंने आदरणीय वित्त मंत्री जी का भाषण भी सुना। जो प्रयास वे कर रही हैं, हालांकि सभी अधिनियम पहले लाए गए थे, ऑर्डिनैंस लाया गया था, उसे रेगुलराइज करने के लिए यह बिल लाया गया है। मेरा इतना ही कहना है कि कथनी और करनी में फर्क नहीं होना चाहिए। हमारी कथनी है कि हम चाहते हैं कि रोजगार बढ़े, हम चाहते हैं कि लोगों को रोजगार मिले, हम 'मेक-इन-इंडिया' चाहते हैं तो इसलिए यहां की जो इंडस्ट्रीज हैं, वे आगे बढ़ें, लेकिन जब जी.डी.पी. की दर 4.5 प्रतिशत पर आ गई तो पूरा हलचल मच गया। वर्ष 2013 के बाद यह पहली बार इतनी नीचे गई।

16.00 hrs

अब इतना नीचे जाने के बाद आज मैंने एक नई व्याख्या अपने मित्र निशिकांत दुबे जी से सुनी। उन्होंने कहा कि जीडीपी को आप कोई मंत्र नहीं समझिए कि उसी के ऊपर इकोनॉमी निर्भर करती है। मुझे कमाल लगा कि वक्त बदल जाने के बाद आदमी भी बदल जाते हैं और उनकी सोच भी बदल जाती है। वैसे आज भी हमारी सोच नहीं बदलेगी, मैं आपको इतना बता देता हूं। जो अच्छा है, उसको हम अच्छा कहेंगे और जो गलत है, उसे गलत कहेंगे। अब हमें देखना चाहिए कि पिछले साल में क्या हुआ। पिछले साल अप्रैल माह के बाद से इस साल अक्टूबर माह तक हमने सोचा था कि फिस्कल डेफिसिट 31 मार्च तक नीचे जाएगा, लेकिन आज ही हमने उसको पार कर लिया। आगे और कितना नीचे गिरेगा, यह हमें पता नहीं है। वह नीचे गिर गया। आप इसे देखेंगे कि यह कहां से शुरू हुआ? मैं कहता हूं कि यह डिमोनेटाइजेशन से शुरू हुआ। हम इनके साथ रहते हुए भी, आज के मुख्य मंत्री और हमारे पार्टी चीफ उद्धव जी ठाकरे साहब ने इसकी आलोचना की थी। ...(व्यवधान) डिमोनेटाइजेशन की वजह से लोगों की जॉब्स गईं।

महोदय, हमारी मानसिकता आज भी तैयार नहीं हो रही है। हम आज भी इसे अक्सेप्ट नहीं कर रहे हैं कि डिमोनेटाइजेशन की वजह से हमारी जॉब्स गई हैं। अगर आप चाहेंगे तो आज मैं आपको इसकी डेटा दे दूंगा। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से पुछूंगा कि मैं जो कह रहा हूं, वह सच में हो रहा है। आप कह रहे हैं कि हम कैसे जीडीपी तय कर लेते हैं? हमने देखा कि रेलवे के क्षेत्र में हमारा जो उत्पादन आता है, उसमें कितनी गिरावट आई? उसमें माइन्स 4.3 गिरावट अप्रैल महीने में थी। It has gone to minus 7.7 in the month of September. पावर कंजम्प्शन के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि जितना ज्यादा हो सके, उतना पावर कंजम्प्शन होता है। इसे हम समझते हैं कि इससे हमारी इकोनॉमी ग्रो हो रही है। अगर पावर कंजम्प्सन ज्यादा होती है तो यह तय किया जाता है कि इसके ऊपर हमारी इकोनॉमी ग्रो होती है। यह चीज भी हमें समझ में आती है। It has also gone down to zero. हमारी बिजली की जो उत्पादकता थी, उसमें पिछले अप्रैल महीने से लेकर आज तक उत्पादन 12.5 घट गया। आप जानते हैं कि उसमें प्राइवेट कंपनीज़ आई हैं। अब वे सारे हैरान हैं। आज राज्य सरकारों के साथ प्राइवेट कंपनीज़ की एग्रीमेंट हो रही है, क्योंकि हम जो बिजली प्रोड्यूस कर रहे हैं, उसको आप खरीद लीजिए, ताकि वे सांस ले सके।

महोदय, कोल का जो प्रोडक्शन होता है, वह करीब-करीब ठप्प हुआ है। उसका बेचना कम हुआ है। हमारी जो इंडस्ट्रीज हैं, फर्स्ट अप्रैल से लेकर आज तक इंडस्ट्रीज़ का जो प्रोडक्शन था, It has gone to minus 4.3. ट्रैक्टर्स तथा गुड्स ट्रांसपोर्ट व्हेकिल की जो स्थिति है। If the economy is good, the demand will always be there. इनका सेल नहीं हो रहा है सौभाग्य से मैं पांच महीने मंत्री था। उस समय ऑटो इंडस्ट्री में थोड़ा-सा डाउनफाल आ गया। उससे मैं बहुत चिंतित रहता था। वहां रहकर भी मैंने कहा, यह रिकॉर्ड पर लिखा हुआ है, मुझे बोलना नहीं है। वहां रहकर भी मैं यह कहता था कि इसको सीरियसली ले लीजिए। जो चीज सही है, उसको मैं सही कहूंगा।

आदरणीय वित्त मंत्री जी ने मीटिंग ले ली, अपना समय दे दिया और सभी को बुलाया। सभी के सामने बात हुई कि ऑटो इंडस्ट्री में ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने मीटिंग ले ली थी, लेकिन आज हमारी जो अपेक्षाएं थीं कि उनका सेल बढ़ेगा, लेकिन वह नहीं बढ़ रहा है। जब गाड़ियों का सेल नहीं हुआ तो डीजल का भी सेल नहीं हुआ। हमारे डीजल के सेल में भी कमी आ गई। 13 महीनों से हमारा एक्सपोर्ट ठप्प है। अभी अपना एक्सपोर्ट नहीं हो रहा है।

Sir, power generation, steel, oil refineries, coal, cement, natural gas and fertilizers are the main infrastructure of the economic development or economic growth. आप इन सभी में देखिए कि उनमें वह 5.8 तक सीमित रहा है। वह आगे नहीं बढ़ रहा है। इस सरकार से मेरी विनती है कि हम जो निर्णय ले रहे हैं, आपने कहा कि हम जो ऑर्डिनेन्स लाये थे, उसका कानून बना रहे हैं।

हमारी अपेक्षा है कि इंप्लायमेंट जेनरेट हो। निर्मला जी, मेरी आपसे खास प्रार्थना है, क्योंकि आप वित्त मंत्री हैं।

16.05 hrs (Shrimati Meenakashi Lekhi *in the Chair*)

मैं जानता हूं कि कितनी मर्यादा है, सब जानता हूं। मैं आपसे बड़ी बहन की तरह बात करता हूं। यह ध्यान में रखना कि जब भी हम निर्णय लेते हैं, उसका हम इंपैक्ट कभी नहीं सोचते हैं। नीति आयोग में जो विद्वान बैठे हुए हैं, उन विद्वानों से पूछो। तुम वहां जाकर घोषित करते हो कि बीपीसीएल को बेचना है, तुम कौन होते हो यह तय करने वाले? बीपीसीएल जैसी कंपनी इतनी प्रॉफिट में होने के बावजूद भी हम क्यों बेच रहे हैं, इसका कोई उत्तर नहीं है। किसके लिए बेच रहे हैं? हमने सोचा कि उनके इम्प्लायमेंट का क्या होगा? हम इम्प्लायमेंट जेनरेट करने की बात कर रहे हैं। जब हम कंपनियां

बेचते हैं, तो उसके सोशल इंपैक्ट की बात नहीं करते, इम्प्लायमेंट इंपैक्ट की बात नहीं करते, सोचते भी नहीं हैं। मैंने उनसे बात भी की है। वे बहुत विद्वान लोग हैं। किसी को बोलने नहीं देते हैं।

कल बजाज साहब ने वही बात कही। राहुल बजाज जी ने, आदरणीय अमित शाह जी, पीयूष गोयल जी, मुकेश अंबानी जी मंच पर थे, उनके सामने कहा कि इंडस्ट्री में भय है। ...(व्यवधान) जवाब देने दीजिए। जो सच्चाई है, वह है। ...(व्यवधान) मैं आपको कहता हूं ...(व्यवधान) मेरी बात पूरी होने दीजिए। भय किस बात का है? जब हम इंडस्ट्रीज को बेचने के लिए सोचते हैं, बीपीसीएल जैसी कंपनी को बेचने का निर्णय लिया, मैं आपको एक उदाहरण देता हूं। मैं प्वाइंटेड बोल रहा हूं और आधे मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा। गैस अथारिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, इस कंपनी का डिसइनवेस्टमेंट कौन घोषित करता है, नीति आयोग। हमारा पेट्रोलियम मिनिस्टर घोषित नहीं करता है, न फाइनेंस मिनिस्टर घोषित करती हैं, नीति आयोग उसे घोषित करता है। जिस दिन उन्होंने घोषित किया, उस दिन सेंसेक्स में उनका भाव डूम करके मिट्टी पर आ गया। जो कंपनी सोने की थी, उसको कचरे के भाव में बेचने की बात आ रही है। आपने कभी देखा कि उसका शेयर कितना डाउन हो रहा है? कल उसका प्राइस क्या था, आज उसका प्राइस क्या हो रहा है? हमने जो निर्णय लिया, उससे कंपनी की इक्विटी लो डाउन, लोअर हो रही है और कंपनी की इक्विटी जब नीचे जाएगी, तो कोई भी खरीद लेगा।

आज इंडियन मैनुफैक्चरर्स के लिए इंसेंटिव की बात कर रहे हैं, मैं उसका स्वागत करता हूं, वह अच्छी बात है। मन में अच्छा है, लेकिन करते समय उसका जो इंपैक्ट हो रहा है, उसे नहीं देख रहे हैं। मैं आपसे दो ही सवाल पूछूंगा कि कितनी कंपनियां, कोरपोरेट आफिसेज़ हैं, जिनको हमने टैक्स रिबेट दी, उनको रिबेट में कितना फायदा हुआ? उन कोरपोरेट कंपनीज ने कितनी इम्प्लायमेंट जेनरेट की, कितने लोगों को जॉब दिया, कितनी नई मैनुफैक्चरर कंपनीज़ ने रजिस्ट्रेशन करके मैनुफक्चरिंग स्टार्ट

कर दिया? इन सारे सवालों का जवाब जब पॉजीटिव मिलेगा, तब आप जो कदम उठा रहे हैं, उसका फायदा होगा।

मैं एक बार फिर आपसे प्रार्थना करता हूं कि हमारे पास इनको राहत देने के लिए जरूर है, मैं उनके कोई खिलाफ नहीं हूं, लेकिन हमारे किसान मर रहे हैं, उनके लिए हमारे पास पैसा नहीं है। इनको राहत दे रहे हैं। हम किसानों को राहत देने के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं। वैसे ही कदम किसानों के लिए भी उठाओ, मैं उसका स्वागत करूंगा। …(व्यवधान)

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): सभापति महोदया, आपने मुझे कराधान विधि (संशोधन) विधेयक, 2019 पर चर्चा में भाग लेने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय राष्ट्रपति जी द्वारा जारी अध्यादेश दिनांक 20 सितम्बर, 2019 को जो संविधान के आर्टिकल 123 के अधीन है, उसको कानूनी रूप देने का प्रावधान है। विशेषकर सरकार इसमें कोरपोरेट टैक्स को कम करने और उसे 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत करने जा रही है। इसके द्वारा आयकर अधिनियम 1967 तथा वित्त अधिनियम, 2019 में बदलाव किया जाएगा। यह जरूरी समझा जा रहा है कि इससे देश में आर्थिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

मैडम, इसके अधीन प्रावधान है कि मैनुफैक्चरिंग के क्षेत्र में अक्टूबर, 2019 या उसके बाद स्थापित होने वाली तथा 31 मार्च, 2023 से पहले उत्पादन प्रारम्भ करने वाली कंपनियों के लिए कोरपोरेट कर की आधार दर 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है। इससे इन कंपनियों के लिए प्रभावी कॉरपोरेट कर की दर 29.12 प्रतिशत से कम होकर 17.01 प्रतिशत हो जाएगी। इन कंपनियों को मैट में भी छूट प्राप्त होगी। साथ ही मैट देने वाली कंपनियों की वर्तमान दर 18.5 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है। अत: यह कमी कंपनियों के लिए काफी लाभप्रद होने जा रही है।

अब प्रश्न यह उठता है कि वित्त अधिनियम 2019 के मध्यान्तर में ऐसी क्या बात हुई कि यह कदम उठाया जा रहा है। यह इसलिए किया गया है कि देश की आर्थिक विकास दर की जो परिकल्पना की गई थी वह पूर्ण होते नहीं दिख रही है और पहली तिमाही में घटकर 5 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है। दूसरी तिमाही की भी हालत यही है। अत: भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मकता लाने के लिए यह जरूरी हो गया था।

इससे निजी क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और राजस्व एवं आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। निजी निवेश आकर्षित होगा, जिससे प्रतिस्पर्धा और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। पूंजीगत लाभ में वृद्धि होगी जिससे बचत को बढ़ावा मिलेगा। देश में विदेशी निवेश बढ़ेगा, नियमन में लचीलापन होगा और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में अधिक रोजगार सृजन होगा। अभी जिन-जिन सेक्टरों में मंदी है, वहां सुधार होने की संभावना है। उपभोक्ता वस्तु क्षेत्र में भी सकारात्मक सुधार की संभावना है। शेयर बाजार भी आगे बढ़ेगा।

मेरा मानना है कि विश्वव्यापी मंदी है। इसका मुख्य कारण अमेरिका और चीन का व्यापारिक झगड़ा भी एक मुख्य कारण है। किन्तु भारत की अर्थव्यवस्था किसी अन्य देशों पर निर्भर नहीं करती है। हमारे यहां ढांचागत व्यवस्था बहुत सुदृढ़ है, किन्तु सरकार की नीति जरूर प्रभाव डालती है। अत: सरकार को किसी भी आर्थिक नीति में बदलाव या सुधार करने से पहले अच्छी तरह विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। इस पर अमल होना चाहिए, यह हमारा सुझाव है।

ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि इस कर कटौती से राज्यों के राजस्व की हिस्सेदारी में कमी होगी। इसकी क्षतिपूर्ति केन्द्र सरकार को करनी चाहिए, राज्यों को नुकसान न हो क्योंकि इसके पास सीमित संसाधन होते हैं। किसी भी स्रोत से राजस्व में कमी पिछड़े राज्यों के विकास में बाधक हो सकती है।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Madam Chairperson, I stand here to participate in the debate on this Amendment Bill relating to taxation laws. As most of us are aware, corporate tax rates across the globe are declining. With the introduction of the Taxation Laws (Amendment) Bill, 2019, India has tried to bring its tax rate in line with other countries and has given domestic companies a level

playing field. The Government had reduced the corporation tax rate from the peak of 30 per cent to 25 per cent for small firms in the financial year 2017 and to 22 per cent for all firms during the financial year 2020. I recall when the previous Finance Minister Mr. Arun Jaitley had categorically stated in this House that there will be a gradual fall relating to the corporate tax and I think this amendment is in line with that.

However, the new rate of 22 per cent is applicable only to those corporate firms which will not avail any exemption incentives. This tax cut is a bold step given that India has one of the highest statutory corporation tax rates in the world which in turn adversely affected its competitiveness. But here I would like to say that a news item has come out today in the front page as the first news. It says: “It is now said the wan smile on India Inc has turned into a frown.” Explaining it further, it has also said, in September, the Finance Minister announced a cut in the corporate tax rate from 30 per cent to 22 per cent and the MAT rate from 18.5 per cent to 15 per cent. It was assumed that the cuts would be implemented from the financial year, 2020.

The Bill says the lower MAT rate will be applicable from the financial year, 2021. Is this a drafting error? If not, it will impact the economy. The smile has definitely turned into a frown. The basic question I would like to put here is and that is often asked is, in an open economy, ‘who bears the brunt of corporate

taxation?' Is it the capital or the labour? Why should tax on capital affect the labour? Economists often debate about the macroeconomic channels of corporate tax incidence -- whether higher corporate taxes lead to lower capital formation, and in turn, lower labour productivity and wages, thereby shifting the tax burden to the workers.

However, empirical evidence is inconclusive about how corporate tax burden is shared between capital and labour. It is interesting to recall here that Mr. Pinaki Chakravorty in 2016, while analysing the Budget, had said, 'any tax reform in corporate sector to rationalise the tax structure without tax exemption would also mean effective tax rate going up for those paying lower than the intended statutory rate.' It means the corporate tax cut is effectively only 2.7 per cent and not eight per cent. The estimated revenue impact of Rs.1.45 lakh crore, if it comes to pass, can reduce the tax-transfer share to the States. Recently, the Finance Minister of Kerala, Mr. Thomas Issac, has come out very openly and he has said that it will, in turn, affect the State's fiscal space. This needs to be addressed. I think a number of Finance Ministers of respective State Governments also will be talking to the Finance Minister of the Union Government. The impact on the fiscal deficit of CIT and other reforms for 2019-20 would depend on a broader set of factors. Relating to the Budget Estimates, downward adjustments are required for all the Central taxes since the base year

figures of 2018-19 as well as nominal growth and assumed buoyancy numbers appear to be out of alignment.

Secondly, the revenue cost of the CIT reforms and its earlier announcements relating to the export incentives, which is about Rs.50,000 crore, should be provided for. On the positive side, we need to take into account the effect of RBI's additional dividend. The impact of the changes in corporate tax rates depends primarily on how the tax benefits will be utilised by the corporate sector. If the additional profits are utilised to increase capital expenditure, corporate investment will go up and spur production in the future years. On the other hand, if the benefits are converted into additional dividends, it will give a demand side effect. There will be a pick-up in demand and this may have a more immediate effect. I do not think the Government is in a position today to estimate what impact it will have in the current year.

Thirdly, what is to be gained? This amount of Rs.1.45 lakh crore cost to the exchequer amounts to 0.7 per cent of GDP, while the GDP gain, as a result, will be just 0.2 per cent. Fourthly, the Union Government's fiscal deficit will rise from the budgeted 3.3 per cent of GDP to 3.7 per cent which is a massive increase of 40 points. I have already said that it would reduce the fund devolved from the Centre to the States. A shortfall of Rs.1 trillion in collection of direct tax and GST vis-à-vis the Budget Estimate would dent the Centre's finance. And, stressed

companies would prefer to pay off liabilities as a way of encashing the tax cut, rather than helping to increase the demand or benefiting the consumers. I would insist that rather than addressing the supply side, the Government needs to focus on the demand supply. Therefore, I would say that economic instruments need to put more money in the hands of the consumers by way of tax cuts or creating new jobs by promoting infrastructure-based projects such as construction of roads and highways.

Along with cutting income tax, the Government needs to make land, labour, railway, freight rates and electricity as cheap in India as it is in other neighbouring Asian countries. There is also need for uniformity and stability in tax rates. The focus should be made on improving the climate of investment. Moreover, making up of Corporate Tax competitive should be applied to income tax also. Thank you, Madam.

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना): माननीय सभापति महोदया, आपने मुझे सदन में लाए गए महत्वपूर्ण कराधान विधि (संशोधन) विधयेक, 2019 की चर्चा में भाग लेने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं।

यह ज्ञात है कि यह विधयेक आयकर अधिनियम और वित्त अधिनियम 2019 के कुछ उपबंधों में संशोधन के लिए 20 सितम्बर 2019 को सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश की जगह लेगा । इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य यह है कि अतिरिक्त राजकोषीय वित्तीय उपाय करना नितांत आवश्यक है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था के विकास में तेजी से बदलाव लाया जा सके। इस कराधान संशोधन विधेयक लाने का सरकार का मुख्य उद्देश्य विनिर्माण के क्षेत्र में उतरने वाली नई देशी कंपनियों के संबंध में कराधान के वर्तमान प्रावधानों में संशोधन करने का प्रस्ताव है। विनिर्माण क्षेत्र में आने वाली घरेलू नई कंपनियेां के लिए कार्पोरेट आयकर की दर को पहले 30 प्रतिशत से घटाकर पिछले दिनों 25 प्रतिशत किया गया था और आज इसे दोबारा 25 प्रतिशत से कम किए जाने के बारे में चर्चा हो रही है। मुझे लगता है कि यह सरकार आर्थिक मंदी से उबरने के लिए ऐसा कर रही है। अगर इसे घटाने के बाद भी आई हुई मंदी का समाधान नहीं निकलता है तो फिर सरकार क्या करेगी? अत: इस टैक्स को घटाने के साथ उद्योगों के द्वारा कैसे भारी मात्रा में पैदावार बढ़ाएं व इनका लाभ कैसे बढ़ाएं, इस बारे में सरकार को ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है। सरकार से मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि किसी भी प्रकार का टैक्स सरकार के राजकोषीय वित्त को बढ़ाने के लिए ही सरकार द्वारा लिया जाता है। उस कर के माध्यम से ही देश की जनता के हितों की रक्षा के लिए खर्च किया जाता है। इसी कड़ी में मैं कहना चाहूंगा कि परम पूज्य डॉ.भीमराव अम्बेडकर ने कहा था -'कानून कितने भी अच्छे बन जाएं, अगर उनको लागू करने वाले अच्छे मन से लागू नहीं करते हैं तो उस कानून का कोई मतलब नहीं रह पाएगा।' एक तरफ सरकार जहां अपने राजकोषीय वित्त को बढ़ाने के लिए तरह-तरह के टैक्सों में प्रावधान कर रही है, वहीं दूसरी तरफ देश में फैले भ्रष्टाचार की वजह से टैक्स चोरों के साथ

मिलकर संबंधित विभागों व अधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी के रास्ते अपनाकर सरकार की मंशा को विफल कर रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सरकार द्वारा लाया गया अध्यादेश और उस अध्यादेश के विलोपन के लिए लाया गया काराधन विधेयक जनहित और देशहित में बहुत ही अच्छा कदम है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि इस कर के रूप में वसूले गए धन को भी बंदरबाट और भ्रष्टाचारियों से बचाने की अति आवश्यकता है। विगत दिनों कई समाचार पत्रों में पढ़ने को मिलता है कि कंपनियों द्वारा बोगस बिल प्रस्तुत करके बैंकों से कर्ज लिया जाता रहा है, जिसमें कराधान के अधिकारी व बैंक अधिकारी संलिप्त हैं। कहने का आशय यह है कि इस प्रकार का प्रयास तभी सार्थक होगा, जब इस प्रकार के लोगों पर अंकुश लगाया जाएगा। यदि सरकार मेरी व मेरी पार्टी द्वारा दिए गए सुझावों को मानती है तो मैं इस महत्वपूर्ण विधेयक का समर्थन करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

DR. G. RANJITH REDDY (CHEVELLA): Madam, I am thankful to you for giving me a chance to speak on the Taxation Laws (Amendment) Bill which proposes to replace the Ordinance issued by the Government in September this year.

As you know, Madam, very rarely we come across such incidents wherein the taxation laws are amended, but the hon. Finance Minister, I know, is being forced and it was necessitated because the economy has been going through a turbulent phase. As we know, the GDP was five per cent in the first quarter which fell down to 4.5 per cent in the second quarter. With these amendments, the mood of the investment community will definitely improve. I feel that with

additional investment by the investment community, the economy may come back on track.

When you look at the revenue, 69 per cent of the revenue is collected from 29 per cent of the companies. For all the companies, which were paying more than 25 per cent of tax, it will come down to 25.17. When it comes to 25.17 per cent, they will be on par with countries like China, the USA and Canada. This 25.17 slab is definitely much less than taxes paid in countries like Australia, South Africa, New Zeeland, Mexico and Brazil. I would like to give a suggestion to the hon. Finance Minister that we should not merely reduce the tax but also advertise so that the investors come and invest in this country.

Along with this, the hon. Finance Minister has also facilitated some start-ups and promised to infuse capital into the PSUs. These are definitely good moves and positive steps. Definitely, they would attract some job opportunities to the youth of this country. I need a clarification from the hon. Finance Minister. As per the recapitalisation plan, our PSBs were supposed to raise Rs. 1.10 lakh crores from the market. I want to know from the hon. Finance Minister how much of this has been collected and how much of the capital promised to be infused has already been infused.

Hon. Finance Minister has said that these amendments will come into force from 1st April, 2020. I feel that there is a very little time to implement all these things.

With your permission, I would like to give one more suggestion which is a very well-known suggestion and which has been given by most of the Members also. When it comes to personal income tax slabs, I would want the Finance Minister to ease them and also see that the threshold is increased because crores of people are paying the taxes. By this move, the liquidity will definitely increase in the hands of these crores of people which will result in spending and the economy may revive.

When it comes to the domestic manufacturing companies, the hon. Finance Minister has suggested that the taxation will come down to 15 per cent plus surcharges and also cess of four per cent. Everything accounts to 17.16 per cent. This is definitely a good move, with a rider, she said, that these companies should come into production maximum by March 31, 2023. The next effect of this is that these companies are being given only three and a half years of time for commencement. I feel that it is a very short time. If she extends this time to five years, most of the companies may come into production during five years and it may revive the economy. I read in some newspaper that the Credit Suisse Report has said that the China's growth has stalled whereas India's growth is still

growing. I would want the Finance Minister to take advantage of this classification and attract investors.

I come to my final point. We all know that the net revenue loss will be of Rs. 1.45 lakh crores with these amendments, which is amounting to 5.2 per cent of the revenue of the Government of India for the year 2019-20. If everything plays as planned, the fiscal deficit may also go up from 3.3 per cent to four per cent. In spite of that, I feel that this is definitely a good move for the investors to come into this country, and also to improve the employment scenario. I would like to know from the hon. Finance Minister how long these taxation slabs will continue and for how many years and whether it will attract only the big players or the small players will also get advantage of it.

When it comes to GST, we had some problems in its implementation. I would want the hon. Finance Minister to assure that when these amendments relating to taxes are implemented, they will sail through smoothly and the House should be updated on any course correction.

With these few points, in spite of revenue loss of Rs. 1.45 lakh crore, I feel that such amendments have to come into force.

Madam, I thank you for giving me this opportunity to speak.

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI): Madam, I stand here on behalf of the Nationalist Congress Party in support of this Bill because this is something which I had even suggested and recommended in my budget speech. I appreciate the speaker from the Treasury Bench who said in his speech that on the Global Happiness Index, India is doing exceptionally well. I would just like to quote the latest report wherein India is at 117 position out of 140 countries. So, it is a little bit disappointing, but I do understand the intervention the hon. Finance Minister has made. But I always feel that these interventions are reactive; the Government needs to be pro-active. You could have done it in the Budget itself. But better late than never. So, I do appreciate her intervention.

There are a few questions I would like to ask her for clarity because when she says something the whole nation gets a signal as to which way the economy is going. I appreciate her honesty because day-before-yesterday she did mention in one of her speeches that India has slowed down but still we are not in recession. But that is where we are headed eventually if we do not take all the right steps right now.

I do not want to get trapped in to India slowing down in terms of global numbers, GDP, etc. My concern is slightly different. I have just a few questions to ask the hon. Finance Minister. Has the direct tax collection substantially dropped? How are we going to cover this? The hon. Member from the treasury talked about

the GST and he defended demonetisation. He also talked about black money. I would like to know how much black money was collected. If you could throw some light on that it would be good. I think most economists globally have said that demonetisation has failed. One of the several reasons why India has slowed down on growth is the bad implementation of GST as well as demonetisation. I am not saying that the intention was bad. Everybody's intention is very good. I am sure about that. But there are some decisions which are taken just out of emotion. You have to think them through because it affects crores of lives. So, I really have a doubt in my mind whether this was the right way to curb black money.

The other question is about fiscal deficit. A lot has been said about it. There are only three months left for the next Budget. Inflation is going up. Even food inflation has gone up. So, how are you going to stop it? How are you going to control it?

You have reduced corporate tax which is a welcome step. But in income tax there are brackets which are still at 42 per cent. Now, these are people who have very good accountants with them. I am not challenging your intelligence. But at the same time think about it logically. The corporate tax is reduced to 24 per cent vis-à-vis 42 per cent of that bracket, you are actually encouraging people to do jugglery. What is the point of having this? Again, after some time, you will come up with another Bill to change this. Why can we not have a holistic

approach of having complete tax reforms in the country at one time? Why are you bringing it piece by piece?

How many people have become NRIs? If things are so good in our country, why are people choosing to be Non-Resident Indians? That is my question. Shri Mehtab is absolutely right when he said that increase in demand is what really is required. The rural economy, which is absolutely in doldrums, needs the biggest push that it needs. I think it is absolutely at the bottom of the pyramid right now. I do not want to get into data. We all represent India. We are elected by the people. So, we know what the ground reality is. So, I think we really need to get some feedback.

I would like to make a very small point which Shri Arvind Sawant made. A lot of people from the treasury benches actually reacted. This is what day-before-yesterday Shri Rahul Bajaj has said. It is an opinion. It is a democratic country. We take pride in the freedom of speech. I appreciate it. He was talking about the economy. I actually congratulate the Home Minister. He was exceptionally pro-active. He said, from the dias, “We must listen to the feedback and if there is fear, we need to correct it or we need to address it”. So, it is very complimentary.

Please do understand, I come from a State which is probably one of the most developed States in this country. The entire market is from Mumbai. It works even on sentiments. Now, there is a fear sentiment and somebody has raised it,

and the hon. Home Minister compliments it by correcting it. Shri Bajaj is one of the tallest leaders in the business circles. If he says something, I think we should take it positively. He used to criticize our Government. We took it so positively. But disappointing to me was to read today's newspaper when the hon. Finance Minister – this is what the newspapers say, I have not seen the tweet – said that the statement of Shri Rahul Bajaj can hurt national interest if it gains traction. A gentleman by the name Amit Malviya, who claims to be the BJP's national IT head says that it is his personal view – he has four tweets against the Bajaj family. I do not know whether you have seen it. There is a full-page advertisement in the newspapers which talks about the Jamnalal Bajaj Foundation which has done substantial work in this country for the country's growth. I would like to quote Shri Mahatma Gandhi in this regard. He talked about Jamalal Bajaj. This is the tradition this Bajaj family comes from. He said, "Whenever I wrote of wealthy men becoming trustees of their wealth for the common good, I always held this merchant prince principally in my mind". So, I think what we really need to do is that all these voices which are coming must be heard …(*Interruptions*) I am not yielding …(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Mr. Chidambaram, please be seated.

… (*Interruptions*)

आप बैठिये। उनको अपनी बात कहने दीजिए।

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE: I would like to close my speech in one second only. You have talked to Shri Karti Chidamabaram. But I will talk about Shri P. Chidamabaram who is senior and today, unfortunately, not with us. He was one of the same voices who wrote about the economy.

I can quote tens of articles of Chidamabaramji which were telling this Government for that last two years or three years that these are the things which if they do, things would change. So, I think these are all voices – be it Dr. Manmohan Singh Ji, be it Shri Rahul Bajaj – they are giving good suggestions.

These are not criticisms. Good leadership is to take criticisms as suggestions because it is in the larger interest of this country and the nation. If the economy does well, we are all going to benefit and, more so, the people.

All you say that you are the pradhan sevak of this country. If you are the pradhan sevak, I think this is what you need….(*Interruptions*) I do compliment you for taking this but I would like to say that it is a baby step.

I would like to just finish by one small quotation to what the hon. Finance Minister has talked about the economy. I would just like to quote Ayn Rand who was the mother of free capitalists that “there is no temporary suicide”.

So, please make all the right interventions. India is waiting for the right direction taken by your Government.

SHRI JAYADEV GALLA (GUNTUR): Thank you, Madam. The proposed additional fiscal stimulus has been given to attract investment, generate employment and push the economy which is languishing since the two economic shocks of demonetisation and poorly implemented GST.

Secondly, sharp reduction in corporate tax rates by many countries around the world have forced us also to follow suit. Be that as it may, the removal of Dividend Distribution Tax will be competitive with other developing countries and will also give higher cash in hand to companies for capital investments either in the existing entities or in new ventures. So, in a way, it will help attract more investment including under the Make in India initiative.

Madam, in a welcome move, the hon. Finance Minister lowered the corporate tax to 15 per cent for new manufacturing companies under Section 115AB of Income Tax Act but also put a condition that only manufacturing units will get the benefit. The point is, if you look at growth, capital investment and employment creation, majority of it is currently done by the service sector in India. It has a very strong service sector. But the hon. Finance Minister conspicuously did not extend this benefit to the service sector which, in my mind, should be considered. Therefore, I suggest for the consideration of the hon. Minister to extend this benefit to the service sector also.

Thirdly, the benefit of lowering tax rate of 15 per cent should also be given to new investments or expansion of existing companies which will give parity between new and existing companies.

Madam, through these measures, the Government is losing Rs.1.45 lakh crore in revenue. How is it supposed to get this back? The Government is resorting to sell public sector companies to bridge the fiscal deficit. The hon. Minister has announced a few days back that the Government of India is going to reduce its share in public sector companies, starting with its 53 per cent stake in BPCL and three other PSUs.

My point is, Madam, that now you are able to sell stake in PSUs to bridge the fiscal deficit, but the day will come very soon when you are left with no PSUs to bridge your fiscal deficit. What will you do at that point of time? It reminds of the phrase 'selling the family's silver to pay the butler'. So, I think that it is a wrong approach and we need to relook as to how we are going to bridge the deficit rather than selling PSUs.

Madam, the next point I wish to make is that there are some benefits given to companies if investments are made in backward districts in the form of additional depreciation of 20 per cent. But under the new taxation laws, if the company opts for lesser corporate tax, they will not be able to receive these benefits.

This move had really hit the State of Andhra Pradesh hard, which is on the verge of financial bankruptcy. It is because of these two benefits would help get investments in seven backward districts, that is, Anantapur, Chittoor, Kadapa, Kurnool, Srikakulam, Visakhapatnam and Vizianagaram. With this move, investors will not find any extra incentive to invest in these districts. So, I pray to the hon. Finance Minister to exempt these and other backward districts in the country and allow benefits to continue even if they avail the lower corporate tax rate. I am saying this because large investments take higher gestation period and removal of investment-based incentives will discourage investors which, I am sure, is not the purpose of this proposed Bill. It is not only loss of investment but States are also going to lose tax revenue since taxes are shared between the Union and the States and the same are going to be coming down. Therefore, I would request the Finance Minister to please explain how she is going to compensate the States for the lower tax revenue.

One additional point is on the CSR expenses. I wish to submit before the hon. Minister to allow CSR spending under Section 37 of the Income Tax Act from the computation of business income. It would encourage companies to spend directly on CSR. Otherwise, it is considered an indirect way of higher tax. So, the hon. Minister has to look into it and harmonize income tax law with that of the Companies Act.

While I appreciate the flexibility being shown by the Government and the Finance Minister to bring changes to the taxation in order to address slowdown in the economy, all the measures so far, as all the speakers have already mentioned, are addressing only to improve the supply side, and not addressing the real issue of declining demand or declining consumption. There has been a shift in mindset. If you look at before demonetisation and after demonetisation, people have changed their spending habits and their behaviour. They reduced their expenditure drastically during the months following demonetisation to conserve the limited cash that was available but post that, even when the cash became available, people's habits have not returned to spending more. So, there has been a mindset change in our people and that really needs to be looked at. Not only consumption is declining but even gross household savings are also decreasing and it is at considerable low. This is very serious. We must make a note of it.

Consumption is declining and savings is declining by which we can reach only one conclusion that money in people's hand is coming down drastically. Every industry is in distress due to declining consumption. The only way to improve this is to put more money into people's hands. Farming need to be made viable. The *Pradhan Mantri Kisan* Scheme which gave Rs.6,000 to farmers, I am sorry to say, has not made any impact. Madam, Rs.75,000 crore has been spent

on this Scheme but the rural distress continues as it is and we do not see any improvement there.

Unemployment is also at a four-year high and companies are not increasing the capacity to add jobs because consumption is declining. To put more cash in the hands of consumers and increasing the purchase power parity, please give similar tax relief to individual taxpayers. My suggestion here is, people making an income of Rs.10 to Rs.50 lakh, please make it 20 per cent; people making Rs.50 lakh and above, you can make it 25 per cent. That will increase consumption in the country. From 2014-2019, the GSDP of Andhra Pradesh was the highest in the country with a double-digit growth of 11 per cent average over the five years. Since the new Government has come in, the highest reduction in tax revenue in India is now in Andhra Pradesh. Over Rs.1.45 lakh crore of planned investments are not happening. India's image and credibility is going down while the risk perception of the country is going up. This needs to be taken note of and something needs to be done. …(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record.

…(*Interruptions*)… *

* Not recorded.

HON. CHAIRPERSON: Shri Galla, please be seated.

Report of the Business Advisory Committee Shri Arjun Ram Meghwal *ji.*

16.40 hrs

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

10th Report

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): श्री प्रहलाद जोशी जी की ओर से, मैं कार्य मंत्रणा समिति का 10वां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं।

16.45 hrs

STATUTORY RESOLUTION RE: DISAPPROVAL OF TAXATION LAWS (AMENDMENT) ORDINANCE, 2019 AND TAXATION LAWS (AMENDMENT) BILL, 2019 - Contd.

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): मैं माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत कराधान विधि (संशोधन) विधेयक, 2019 जो आयकर अधिनियम, 1961 का और संशोधन करने तथा वित्त (संख्याक 2) अधिनियम, 2019 का संशोधन करने वाला विधेयक, जो प्रस्तुत किया गया है, उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

सभापति महोदया, अभी यहां राहुल बजाज जी का बहुत जिक्र हो रहा था। मैं भी उनका जिक्र करना चाहता हूं। ऐसे बहुत सारे हमारे साथी यहां मौजूद हैं, जो उनका समर्थन कर रहे थे। मेरा लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर गन्ना उत्पादन में बहुत बड़ा क्षेत्र है, जहां दस बड़ी चीनी मिले हैं । वहां राहुल बजाज जी की तीन चीनी मिले हैं। ...(व्यवधान) क्यों नहीं जाएगा? बिलकुल जाएगा, आप डिस्टर्ब मत कीजिए। आपको जो भी ऑबजैक्शन करना है मैडम से कीजिए।...(व्यवधान)

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI): Madam, he cannot name the person who is not a Member of this House....(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : We all know he was a Member of the other House. Everybody here knows that.

श्री अजय मिश्र टेनी: आपने नाम लिया है, इसीलिए मैं भी नाम ले रहा हूं। राहुल बजाज जी की तीन चीनी मिले हैं, जिन पर लखीमपुर जनपद के किसानों का दो साल का दस हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के गन्ने का बकाया है। दस हजार करोड़ रुपये से अधिक का बकाया केवल राहुल बजाज पर है और निश्चित रूप से, जिस तरह से यह सरकार सक्रिय है और किसानों का गन्ना भुगतान दिलाने के लिए लगातार ...(व्यवधान) वही है, वही है । आपको पता नहीं है...(व्यवधान) हमको पता है...(व्यवधान)

माननीय सभापति: एक इंडस्ट्रियलिस्ट की बात हो रही है, आप खड़े होकर क्यों डिफेंड कर रहे हैं? रिकॉर्ड वेरिफाई करेगा, ले आएंगे रिकॉर्ड पर। आप लोग आराम से बैठिए।

...(व्यवधान)

श्री अजय मिश्र टेनी: अरे भइया ...* करना...(व्यवधान) आपको मालूम नहीं है...(व्यवधान) मैं उसी लोक सभा क्षेत्र का सांसद हूं और मैं आपसे ज्यादा जानकारी रखता हूं।...(व्यवधान) मैं आपसे ज्यादा जानकारी रखता हूं, अगर उनकी ... * करनी है तो वहीं पर उनके सामने जाकर करो...(व्यवधान)

माननीय सभापति : अजय जी, आप चेयर को एड्रेस कीजिए।

...(व्यवधान)

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE: Madam, ... * is objectionable....(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: We will check the record and remove whatever is objectionable.

... (*Interruptions*)

* Not recorded.

HON. CHAIRPERSON: You cannot force the Chair to take a call. We have taken note of it. Hon. Members, please be seated.

… (*Interruptions*)

श्री अजय मिश्र टेनी : माननीय सभापति जी, वह जो राहुल बजाज है...(व्यवधान) बजाज शुगर फैक्ट्री ने...(व्यवधान) लखीमपुर की गरीब जनता का रुपया उनके ऊपर बाकी है और जिस तरह से यह सरकार सक्रिय है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने ऐसी चीनी मिलों के मालिक, जो किसानों का पैसा नहीं दे रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई प्रारम्भ की है तो उनका भयभीत होना स्वाभाविक है और ऐसे लोग निश्चित रूप से जो गलत काम से जुड़े हुए हैं, वे सभी भयभीत हैं और उनको भयभीत होना चाहिए। यह मत्था ठोंकने से और नाम बदल लेने से कुछ नहीं हो जाता है।...(व्यवधान) राहुल बजाज का लड़का ही वहां मालिक है।...(व्यवधान) राहुल बजाज का लड़का हर तीसरे महीने जाता है।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : अब इससे आगे बढ़िए और विषय पर डिबेट कीजिए। आप विषय पर चर्चा कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री अजय मिश्र टेनी : यह इनका भ्रम है।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : उन लोगों ने अपनी बात कही, आपने अपनी बात कही, अब आप विषय पर आइए।

...(व्यवधान)

माननीय सभापति : दानिश जी की बात रिकार्ड पर नहीं जाएगी।

… (व्यवधान) *

श्री अजय मिश्र टेनी : दानिश जी अगर चाहेंगे तो मैं उनकी पूरी कुण्डली उनको दे दूंगा। जिस समय गोला गोकर्णनाथ ने, जमनालाल बजाज जी ने चीनी मिल लगायी थी, जो एशिया में सबसे बड़ी हिन्दुस्तान की शुगर फैक्ट्री थी, उसके ही मालिक राहुल बजाज हैं जो उनके लड़के हैं। …(व्यवधान) उसमें राहुल बजाज का लड़का ही जाता है।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप अब विषय पर आ जाइए।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : रिकार्ड चैक करके इस पर बात करेंगे। आप विषय पर बात कीजिए।

…(व्यवधान)

श्री अजय मिश्र टेनी : मैं इनकी बात पर यह भी कहना चाहता हूं कि नाम बदल लेने से … * का असली चेहरा नहीं बदल जाता है। कम्पनी का नाम नवभारत टाइम्स रखो या यंग इंडिया रखो, कोई फर्क नहीं पड़ता है, जो चोरी हुई है, वह निश्चित रूप से पकड़ी जाएगी। नाम बदलने से, व्यक्ति बदलने से चोरी नहीं बदल जाती है।

सभापति महोदया, आयकर अधिनियम, 1961 पूर्व से ही प्रचलित था और वर्ष 2018-19 की आयकर पर अधिभार और संशोधनों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य उपकर के संबंध में वर्ष 2019 में एक अगस्त को हमने इस बिल को प्रस्तुत किया था । लेकिन जिस तरह से पूरी दुनिया में विशेष

* Not recorded.

परिस्थितियां हैं, अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही है, ऐसे समय में कुछ तात्कालिक जरूरतों की वजह से भारत के संविधान के अनुच्छेद 123 के अंतर्गत 20 सितम्बर, 2019 को कराधान विधि संशोधन अध्यादेश 2019 में स्थापित किया गया था। अध्यादेश के द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 और फाइनेंस नंबर टू बिल वर्ष 2019 में कुछ जरूरी संशोधन करने के लिए उक्त अध्यादेश को अधिनियमित करने हेतु यह बिल प्रस्तुत किया गया है।

माननीय सभापति महोदया, मैं इस बिल का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। उक्त अधिनियम का प्रमुख उद्देश्य पूंजी निवेश को बढ़ाने, रोजगार को बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए लाया गया है, जिसके कारण उसका सीधा-सीधा लाभ संयंत्रों के परिवर्तन में और दूसरे कई ऐसे उद्योग जैसे माइनिंग आदि में उसका लाभ सीधे-सीधे मिलने वाला है। अधिनियम द्वारा कार्पोरेट करों में भारी कमी की गई है। आर्थिक उछाल आएगा, आर्थिक तेजी आएगी, ऐसी पूरी संभावनाएं भारतीय उद्योगों के लिए है। भारतीय उद्योग को विश्व स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि हम लोग देख रहे हैं कि इस समय मंदी का दौर है और दुनिया में कई ऐसे देश हैं, जिन्होंने अपने टैक्स ढांचे को इतना कम कर दिया है, जिसके कारण दूसरे अन्य देशों के कई ऐसे व्यापारी और व्यापारिक कंपनियां वहां पर जाकर विनिर्माण का काम कर रही हैं। उसके बाद हमारे देश में उसको एक्सपोर्ट करने का काम कर रहे हैं, जिसका प्रभाव भी कार्पोरेट क्षेत्र में पड़ रहा है। उस प्रभाव को कम करने का उद्देश्य भी इस अधिनियम में है।

इस विधेयक के द्वारा जहां धारा 115, जो हमारा आयकर अधिनियम है, उसमें संशोधन किया गया है और विनिर्माण कंपनियों को 15 प्रतिशत की दर से आयकर भुगतान का विकल्प दिया गया है। वहीं वर्ष 2020-21 में वैकल्पिक दर जो 18.5 प्रतिशत की है, हमने उसको भी 15 प्रतिशत किया है। 400 करोड़ रूपये से ऊपर का, जिनका वर्ष 2017-18 में टर्नओवर रहा है, ऐसी आय कर निगमित

दरों को 25 प्रतिशत से घटाकर हमने 22 प्रतिशत किया है। निश्चित रूप से इस कर कटौती का एक अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2019-20 में लगभग देश के राजस्व में एक लाख करोड़ रूपये की कमी होने की संभावना है। अभी जैसे अरविंद सावंत जी कह रहे थे कि राजकोषीय घाटा बढ़ा है। हमने सात महीने में वह सीमा क्रास की है, जो हमको एक साल में करनी थी। उसका एक प्रमुख कारण यह भी है। यह कारण इसलिए उत्पन्न हुआ है, क्योंकि हमें पूरी दुनिया की कंपनियों से और दुनिया के दूसरे देशों से भी प्रतिस्पर्धा करनी है।

सरकार ने, आर्थिक रूप से हमारा जो ढांचा है, उसमें सुधार करने के लिए और जो दुनिया में लगातार सुस्ती बढ़ रही है, वैसा ही भारत पर भी उसका प्रभाव पड़ा है। इसलिए, हमने पूरी दुनिया के अनुरूप अपने टैक्स ढांचे को भी बनाने के लिए इस टैक्स में भारी कमी की है, क्योंकि एक लंबे समय से जो पूरी दुनिया का एवरेज टैक्स 23.03 प्रतिशत था, उससे हमारा लगभग 10 प्रतिशत टैक्स अधिक था। अब ये कमी करने के बाद हम लगभग 25 टैक्स करने में सफल हो गए हैं, जो लगभग पूरी दुनिया में एक समान है। निःसंदेह हम लोगों ने जो सुधार किया है, उसका प्रभाव हमारे देश के ऊपर भी पड़ेगा। सरकार ने जहां आर्थिक विकास और रोजगार में सृजन के लिए इसका उपयोग करने की बात कही है, वहीं कृषि क्षेत्रों से लेकर विभिन्न क्षेत्रों व जीडीपी में भी वृद्धि हो, उस दृष्टि से भी यह विधेयक महत्वपूर्ण है, जिसके परिणामस्वरूप निवेश राजस्व घरेलू एवं आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं भी निश्चित रूप से बढ़ेंगी। पूंजीगत लाभ में वृद्धि के साथ ही साथ बचत को भी बढ़ावा मिलेगा तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ाने के साथ-साथ मेक-इन इंडिया को बढ़ावा मिलने से बैंकिंग, ऑटोमोबाइल सेक्टर और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में भी भारत को सीधा-सीधा फायदा होगा, इसकी संभावनाएं हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी भारत के इस निर्णय का समर्थन किया है। उन्होंने भी यह कहा है कि भारत ने अपने देश में विदेशी पूंजी के निवेश के अनुकूल माहौल को बनाया है और जिसका निवेश पर सकारात्मक असर पड़ने की पूरी संभावना है।

माननीय सभापति महोदया, वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच में जो पूरे देश में वातावरण था, रोज नए घोटाले होते थे, जिसके परिणामस्वरूप जब वर्ष 2014 में हम सरकार में आए, तो उस समय देश की अर्थव्यवस्था अच्छी नहीं थी। उसको सुधारने के लिए हमारे तत्कालीन वित्त मंत्री जी ने उस समय कई बड़े कदम उठाए थे, जिसमें ब्लैक मनी के लिए एसआईटी है, फाइनेंस बिल 2017 है, जीएसटी है और हमने एक हजार और पांच सौ के नोटों को बंद किया था। उसके साथ-साथ इन्सॉल्वेंसी और बैंक्रप्ट्सी कोड, डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना आदि। हमने ऑनलाइन बाजार का एक ढांचा खड़ा किया है। हमने नकदी लेन-देन को कम किया है और जो डिजिटल लेन-देन हो रहा था, उसको प्रोत्साहित करने का काम किया है।

उसके साथ-साथ हमने टैक्सिंग सिस्टम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए बहुत सारे कदम उठाए। उसके अलावा जो ऐसे लोग थे, जो बैंकों का पैसा ले कर बाहर चले गए थे, उनके खिलाफ भी हमने दूसरे देशों में जा कर उनसे या वहां के लोग यहां आए, हमने कई ऐसे एग्रीमेंट किए, जिसका प्रभाव आज कई देशों में और पूरी दुनिया में दिखाई दे रहा है। ऐसी बहुत सारी सूचनाएं भी हमको मिल रही हैं, और जो लोग इस देश का पैसा ले कर भागे थे, वे वहां पर मुकदमों का सामना कर रहे हैं या वे जेल में हैं। यह इस सरकार और हमारी सरकार के काम करने के तरीके के कारण ही संभव हो पाया है।

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से यह बात कहना चाहता हूँ कि चुनौतियां नि:संदेह हमारे सामने हैं। इस समय देश, जो पूरी दुनिया में एक मंदी का दौर है, उसमें केवल भारत में ही ऐसा देश नहीं है। पूरी दुनिया में जिस तरह से मंदी का दौर है, उसका प्रभाव भारत की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है। मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी को कुछ सुझाव देना चाहता हूँ। मैं यह कहना चाहता हूँ कि रेवन्यू बढ़ाने के लिए हम लोगों ने जो प्रयास किए हैं, हालांकि ये जो प्रयास हैं, उनका

प्रभाव आज हम लोगों को देखने को मिला है। आज मैंने अखबार में पढ़ा है कि नवंबर का जो टैक्स कलैक्शन है, वह एक लाख करोड़ रुपये क्रॉस कर गया है। अरुण जेटली साहब कहते थे कि एक लाख करोड़ रुपये हर महीने टैक्स आए। ऐसी संभावनाएं हैं और वह आज क्रॉस कर गया है। रेवन्यू बढ़ाने के लिए देश में बिना बिल की खरीददारी को रोकने का प्रयास करना चाहिए। डिजिटल भुगतान पर हम लोगों को कोशिश करनी चाहिए। नकद लेन-देन को हतोत्साहित करना चाहिए। जीएसटी का फायदा यह है कि जो ट्रांस्जैक्शन सिस्टम है, उसमें कच्चे माल से ले कर आखिरी जो बिक्री होती है, वहां तक पूरे लोग जुड़ जाते हैं, जिससे टैक्स कलैक्शन भी बढ़ता है और जो लोग गलत तरह से काम करते थे, बिना रसीद के काम करते थे, वे उसका लाभ नहीं उठा पाते हैं। इससे ज्यादा से ज्यादा लोग सिस्टम में भी जुड़ते हैं और ज्यादा से ज्यादा व्यवसाय भी सिस्टम में आया है।

सभापति महोदय, जिस तरह की चुनौतियां हमारे देश के सामने हैं, हमारी प्रतिबद्धता है कि हम पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उसके लिए हम लोग लगातार काम कर रहे हैं। नि:संदेह पिछले 58 सालों से लागू प्रत्यक्ष कर व्यवस्था में परिवर्तन के लिए संबंधित सिफारिशें महत्वपूर्ण हैं। प्रशासन को तत्काल स्पष्टता से कानूनों के क्रियान्वयन की आवश्यकता है। निश्चित ही इस समय अर्थव्यवस्था देश में मंदी के दौर में है। नये आय कर कानून से करदाताओं को सहूलियतें बढ़ाने के साथ ही साथ कर संग्रह बढ़ने की भी संभावनाएं हैं। नए कानून के साथ ही कर दाताओं के बढ़ने और कानूनी मसलों पर नियंत्रण के साथ ही अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाने में मदद मिलेगी, ऐसी संभावनाएं हैं। मैं इन सारी बातों को कहते हुए, इस बिल का पुन: समर्थन करते हुए और देश हमारा पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवथा माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बनेगा, इसकी प्रतिबद्धता जताते हुए वित्त मंत्री जी का अभिवादन और उनको धन्यवाद करते हुए, इस बिल का समर्थन करता हूँ।

माननीय सभापति : श्री गौरव गोगोई।

गौरव जी, एक चीज़ आपको सूचना के माध्यम से देनी है कि आपकी पार्टी का समय 11 मिनट था, जिसमें से 19 मिनट अधीर जी ऑलरेडी ले चुके हैं। आपकी पार्टी के और भी सदस्य बोलना चाहते हैं।

…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : I have already announced.

…(व्यवधान)

SHRI GAURAV GOGOI (KALIABOR): I will beg your indulgence, Madam. …(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: I am informing you that your time was 11 minutes, and 19 minutes have already been taken. I am giving you five minutes. …(व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई : माननीय सभापति महोदय, आज मैं बड़े अफसोस के साथ इस बिल पर बोलना चाहता हूँ, क्योंकि निवेश कहीं न कहीं आत्मविश्वास और उम्मीद से जुड़ा हुआ है। चाहे देश के ग्राहक हों या देश के निवेशक हों, वे इस सरकार से उम्मीद खो बैठे हैं। वे इस सरकार से विश्वास खो बैठे हैं। उसका हमने उदाहरण देखा है कि हमारा जीडीपी आज ऐतिहासिक रूप से कम हो गया है, 4.5 प्रतिशत पर आया है। बेराजगारी पिछले 45 सालों में सबसे ज्यादा हो गई है। यह इसलिए हुआ है कि यह सरकार आत्ममंथन नहीं करना चाहती है। सरकार खुद के रवैये पर आत्ममंथन नहीं करना चाहती है। सरकार के रवैए के तीन पहलू हैं। सबसे पहला पहलू यह है कि यह सरकार किसी प्रकार की बुराई सुनना नहीं चाहती है, चाहे जितना भी कंस्ट्रक्टिव फीड बैक दे दो, चाहे जितना भी कंस्ट्रक्टिव

क्रिटिसिजम दे दो, यह सरकार सुनना ही नहीं चाहती है। जैसे कि महात्मा गांधी के तीन बंदर हैं कि बुरा मत सुनो, बुरा मत कहो और अगर कोई आपकी बुराई करे तो उसको चिल्ला-चिल्ला कर चुप करवा दो। जैसे आज ...* के साथ हो रहा है। दूसरा पहलू यह है कि। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: This will not go on record.

गौरव जी, आप अपनी बात कहिए।

17.00 hrs

श्री गौरव गोगोई : महोदया, मुझे अपनी बात रखने दीजिए। अगर भाजपा के सांसद अपनी बात रख सकते हैं तो मुझे भी उतना ही अधिकार है।

माननीय सभापति : उनको भी बोला है।

श्री गौरव गोगोई : आप बेशक इसका अध्ययन कर लीजिए। दूसरा पहलू यह है कि जितनी भी सच्चाई है, जितने भी आंकड़े हैं, उन आंकड़ों को छिपाती है, उन आंकड़ों का सामना करने का साहस इस सरकार के पास नहीं है। इनके रवैया का जो तीसरी पहलू है, जो भी जमीनी हालात हैं, उन जमीनी हालात से बहुत दूर है। जो क्रिटिसिज्म की बात करते हैं, जितने भी अच्छे-अच्छे सलाहकार हैं, चाहे रघुराम राजन जी हों, अरविंद सुब्रमण्यम जी हों, अरविंद पनगढ़िया हों, शमिका रवि हों, रथिन राय हों, जितने भी अच्छे-अच्छे सलाहकार हैं, इस सरकार ने उनको दरवाजा दिखा दिया है, इनकी बात नहीं सुनी। अगर देश-विदेश के 100 इकोनॉमिस्ट्स लिखते हैं कि यह सरकार स्टेटिस्टिक्स के मामले में राजनीतिक दखलंदाजी करती है तो यह सरकार 100 सीए लाकर उन 100 इकोनॉमिस्ट्स का जवाब देती है। मतलब इकोनॉमिस्ट और सीए में क्या ताल्लुक है, यह सरकार ही जाने।

* Not recorded.

अब दूसरी बात है कि यह जो सच्चाई है, सच्चाई को तोड़ने और मरोड़ने की कोशिश करते हैं। जब ऑटो इंडस्ट्रीज घटती है तो मिलेनियर पर ब्लेम दिया जाता है। जब जीडीपी आती है, फॉर्मर चीफ इकनॉमिक एडवाइजर अरविंद सुब्रमण्यम खुद बोलते हैं कि 2.5 प्रतिशत जीडीपी आज बढ़ाया जा रहा है तो उसका जवाब नहीं आता। यह इन्हीं की सरकार के फॉर्मर मुख्य सलाहकार हैं। अगर आज आप देखें तो कंज्यूमर एक्सपेंडिचर डेटा को छिपाया जा रहा है । अन-एम्प्लॉयमेंट डेटा, इलैक्शन आया था, इसलिए इन्होंने बेरोजगारी का डेटा नहीं दिया। फिस्कल डेफिसिट, आज भी वास्तविक रूप में फिस्कल डेफिसिट क्या है, हमको पता नहीं है। कितनी ऑफ बुक बॉरोइंग्स हैं, कितना फिस्कल एफसीआई पर बर्डन डाला जा रहा है, मैं जानना चाहूँगा । वित्त मंत्री जी ने इन्सॉल्वेंसी की चर्चा पर नहीं बोला, लेकिन आज मैं चाहूंगा कि वे बोलें कि ऑफ बुक बॉरोइंग्स कितनी है? तीसरा इनका जो पहलू है कि जमीनी हालात से कितने अलग हो चुके हैं। जब यह सरकार वर्ष 2014 में आई थी तो वर्ष 2014 में सूखा था। वर्ष 2015 में सूखा था। वर्ष 2016 में वर्षा अच्छी थी, किसानों की मदद करनी चाहिए थी। जिस वक्त किसानों की मदद करनी चाहिए थी, इन्होंने देश पर डाला- नोटबंदी। नोटबंदी के छ: महीने बाद जब देश की अर्थव्यवस्था हल्की सी थोड़ी ठीक भी हो रही थी तो इन्होंने देश पर डाला- जीएसटी। यह है इनकी सरकार। यह सरकार फाइनेंस एक्ट, 2019 में जितने भी प्रावधान लाए हैं, यह प्रावधान को रोल-बैक करती है। फॉरेन पोर्टफोलियो इनवेंस्टर्स पर इन्होंने जो सरचार्ज डाला है, उसको रोल-बैक किया है। यह टैक्सेशन जो बिल है, जो फाइनेंस एक्ट पर होना चाहिए था, यह टैक्सेशन बिल अलग से ऑर्डिनेंस में लेकर आए हैं।

मैडम, यह टैक्सेशन बिल जो है, it is a multi-layered corporate tax structure. इसमें सर्विस कम्पनीज के लिए अलग टैक्स है । Companies which are registered as corporations उसके लिए अलग टैक्स है । Companies which are individual proprietorships, limited liability partnership उनके लिए अलग टैक्स है। Companies who

want to pay as per the old tax structure उनके लिए अलग प्रावधान हैं। Companies which want to switch over to the new tax rate but have to forgo deductions उनके लिए अलग टैक्स हैं। Just like GST, it is a complicated tax structure. This Bill is a complicated corporate tax structure. यह बात करते हैं, आप इनसेंटिव्स लाना चाहते हैं। आप क्यों इनसेंटिव्स देना चाहते हैं। गुजरात जो एक विकसित प्रदेश है, आप उन कम्पनीज को क्यों नहीं इनसेंटिव्स देते जो उत्तर पूर्वांचल में हैं, जहाँ पर आज कम्पनी कम हैं। वहाँ इंडस्ट्रियल प्रेजेंस कम हैं, वहाँ की कम्पनीज के लिए क्यों नहीं आप इंडस्ट्रियल इनसेंटिव लाते हैं? जो लेबर इंडस्ट्रीज हैं, टी, कॉफी, स्पाइसेज़, केमिकल्स, टैक्सटाइल्स, फार्मास्टिकल्स, सर्विसेज़ लाइक हॉस्पिटेलिटी, मेडिकल, उनके लिए आप क्यों इनसेंटिव्स नहीं लाते हैं? इससे यह साफ-साफ पता चलता है कि आप जमीनी हालात से कितनी दूर है।...(व्यवधान) मैं एक मिनट में अपनी बात खत्म करने वाला हूँ। एंड में जाकर नतीजा क्या है? नतीजा यह है कि फिस्कल डेफिसिट आज सितम्बर में ही एज़ पर द डेटा 102 प्रतिशत जा चुका है। आज आठ कोर इंफ्रास्ट्रक्चर कम हो चुके हैं। पावर और इलैक्ट्रिसिटी का डेटा देखें तो उसकी डिमांड कम हो गई है।

इसलिए अंत में मैं आपसे यही माँग करना चाहूँगा, क्योंकि हमारे निशिकांत दूबे जी ने बहुत कहा कि आप आम आदमी के बारे में सोचो। आम आदमी का प्रतिनिधि होने के नाते मैं आपसे दरख्वास्त करता हूँ कि अगर आपने कॉर्पोरेट का टैक्स कम किया तो ब्याज का दाम भी कम करिए। अगर आपने कॉर्पोरेट का टैक्स कम किया तो मोबाइल टैरिफ, जो आज तीन कम्पनियों ने मोबाइल टैरिफ बढ़ा दिया, वह भी कम करिए। अगर आपने कॉर्पोरेट का टैक्स कम किया तो मोटर वेहिकल्स एक्ट में जो फाइन बड़े-बड़े दस हजार रुपये लगे हैं, वह फाइन आप कम करिए। अगर आपने कॉर्पोरेट का टैक्स कम किया तो छोटे मध्यम वर्ग के लिए जीएसटी कम करिए। अगर आप कॉर्पोरेट के बारे में इतना सोचते हैं, जो देश भर में आज डर का वातावरण है, उसको हटाइए तभी जाकर देश के निवेशकों और

ग्राहकों में आत्म विश्वास और उम्मीद जागेगी और जब देश में उम्मीद जागती है, जब देश में आत्मविश्वास जागता है, तभी देश आगे बढ़ता है। धन्यवाद।

ADV. A.M. ARIFF (ALAPPUZHA): Thank you Madam, for giving me the opportunity to speak on the proposed amendments in the Taxation Laws (Amendment) Bill, 2019.

While moving this Bill, the hon. Finance Minister should have taken into account the raging debate taking place in the US about lowering the corporate tax rates by the present Trump administration. The proposed tax reduction was from 35 per cent to 21 per cent. The economists and some top industrialists even in US also criticised this move because it is against the cardinal principles of taxation.

17.06 hrs (Dr. Kirit P. Solanki *in the Chair*)

As we know, there is a progressive tax and a regressive tax. Progressive tax means that the rich will pay more tax and it is a widely accepted principle all over the world. The other one is regressive tax in which the poor people pay more tax, and this directly affects the lower income citizens.

Several other advanced economies have top income tax rates. Sweden, often cited as the most progressive tax regime in the OECD, which includes 36 countries, maintains a top statutory income tax rate of 57.1 per cent. Other

advanced economies are Japan (55.9 per cent), France (54.5 per cent), and Canada (53.5 per cent).

The Government has written off the debt of corporates. According to the information provided by the Central Bank of India, 220 people have liabilities of over Rs.100 crore. In addition, the RTI documents show that the debts of 33 other companies with liabilities amount to over Rs.500 crore. As per the latest reports, all banks have written off a total of Rs.2.75 lakh crore. According to the Reserve Bank of India, there are 980 people who have defaulted on loans of over Rs.100 crore. Of these, between 220 and 280 debts have been written off by the SBI.

What is noteworthy is, the common man suffers for an early meal. We should remember that the position of India in the World Poverty Index is 103. All the profit-making public sectors, including BPCL, are being sold. The country's GDP is going down. All these relaxations are given to the corporates. I would like to know whether the Government has gone through the consequences of demonetisation and wrong GST implementation.

Coming to the Bill, the revenue loss to the Government through tax reduction will be substantial and it is estimated by the Government itself that it will stand at Rs.1.45 lakh crore. This means, it will push up the already strained fiscal deficit to four per cent, which will be highly inflationary and thus will be further

eroding the purchasing power of the common man. Also, tax concessions to the corporate sector will not lead to any employment growth since their tendency is to replace labour with machines.

If the intention of the Government is to effect a real growth in the economy, the Government should take measures to increase the purchasing power of the people, which will benefit all segments of the society. But this Bill is only for the benefit of the corporates, and hence I oppose the Bill.

श्री टी. एन. प्रथापन (त्रिस्सूर): महोदय, मंत्री जी हाउस में नहीं हैं।...(व्यवधान)

श्री हिबी ईडन (एरनाकुलम): महोदय, वित्त मंत्री सदन में नहीं हैं।...(व्यवधान)

THE MINISTER OF LAW AND JUSTICE, MINISTER OF COMMUNICATIONS AND MINISTER OF ELECTRONICS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI RAVI SHANKAR PRASAD): At least, try to look at me also. I am sitting here.

SHRI E.T. MOHAMMED BASHEER (PONNANI): Thank you very much for giving me this opportunity. The Statement of Objects and Reasons of the Bill and also the Government's claim is that this will boost investment and will help in the growth of the economy. Sir, I do not believe that we can attain this goal. The Government's claim may not become a reality. There is a particular reason for that. You have not addressed the cosmopolitan kind of changes in a holistic way. You have also not addressed the crux of the problem. That is the reason behind me fighting for the same. That is what is happening in our country now.

